e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 204
# प्रभात मंत्र
शनिवार
27.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आप पर भरोसा इसलिए नहीं किया जाएगा कि आप कितने वादे करते हैं, बल्कि इसलिए किया जाएगा कि आप कितने वादे पूरे करते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### के कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई मामले में बीआरएस नेता के. कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। आज कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। दोनों को आज तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 जुलाई को के. कविता के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सीबीआई ने कविता को इस मामले में 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 7 जून को के कविता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने ईडी की ओर से के कविता के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर 29 मई को संज्ञान लिया था।

### नए कानूनों के लिए रेलवे ने जारी किया संज्ञान ऐप

**मुरादाबाद :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि वर्तमान में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, इंडियन एविडेंस एक्ट आपराधिक कानूनों में संसोधन कर उनके स्थान पर नए आपराधिक कानून बीएनएस-2023, बीएनएसएस-2023, बीएसए-2023, 1 जुलाई 2024 से सम्पूर्ण भारतवर्ष में कार्यान्वित किये गए हैं। इस सम्बन्ध में महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, रेल मंत्रालय द्वारा संज्ञान ऐप जारी किया गया है।वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक ने बताया कि संज्ञान ऐप गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### पीएम ने असम के चराईदेव मोईदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर खुशी और गर्व व्यक्त किया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम के चराईदेव मोईदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता और गर्व व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए अत्यंत खुशी और गर्व की बात है।मोदी ने आगे कहा कि चराईदेव में मोईदाम गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करता है, जो पूर्वजों के प्रति अत्यंत श्रद्धा रखता है। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची के बारे में यूनेस्को की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह बहुत खुशी और गर्व की बात है! चराईदेव में मोईदाम गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जिसमें पूर्वजों के प्रति अत्यधिक श्रद्धा होती है। मुझे उम्मीद है कि अधिक लोग महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में जानेंगे। मुझे खुशी है कि मोईदाम विश्व विरासत सूची में शामिल हो गए हैं।

### हाई कोर्ट का निर्देश- ममता बनर्जी कानून के दायरे में रहकर दे सकती हैं राज्यपाल पर बयान

**कोलकाता:** कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के दायरे में हों और अपमानजनक न हों। ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए एक खंडपीठ के समक्ष अपील की थी। इस आदेश में बनर्जी और तीन अन्य को राज्यपाल के खिलाफ कोई अपमानजनक या गलत बयान देने से रोक दिया गया था।

### विस की कार्यवाही 29 जुलाई पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित

**रांची :** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। शोक प्रकाश शुरू हुआ, जिसमें राज्य समेत देश में बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ीयों और कलाकारों समेत अन्य गणमान्यों के प्रति सदन में शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश पेश किया। इसके बाद सदन को सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।यह सत्र आठ दिनों का है। इसमें छह कार्यदिवस होंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्यूनतम | 24⁰ |

विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव में शामिल हुए सीएम

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण जरूरी : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**
- पर्यावरण संतुलन के लिए हम सभी कदम से कदम मिलाकर चलें
- पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे
- वन महोत्सव पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा अभियान है
- हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का लें संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। अगर पेड़- पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि गणों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरुआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।

### एक वक्त था जब झारखंड में वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल- जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया । उद्योग -धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और , पूल -पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए । जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गए। प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं।**

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री श्री रामेश्वर उरांव, श्री इरफान अंसारी एवं श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कई विधायकगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, पीसीसीएफ श्री संजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।


# अग्निपथ का लक्ष्य है सेना को युद्ध के योग्य बनाना : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिसव के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सेना ने बीते वर्षों में कई साहसिक निर्णय लिए हैं। इसका एक उदाहरण अग्निपथ योजना भी है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना, निरंतर योग्य बनाना है। सेना को लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बनाया। सेनाओं को घोटालों से कमजोर किया।उन्होंने कहा कि अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए योग्य बनाए रखना है। विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि सरकार इस योजना से पेंशन के पैसे बचा रही है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि सेना पेंशन का पैसा बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है। लेकिन आज भर्ती हुए सैनिक को तीस साल बाद पेंशन मिलनी है। तब मोदी की उम्र 105 साल होगी। क्या तब भी मोदी सरकार होगी।पीएम मोदी ने कहा है कि आज मैं उस जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड़ रही है। मैं आतंकवाद के इन सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

# नितिन गडकरी ने सैटेलाइट टोल कलेक्शन सिस्टम लॉन्च करने की घोषणा की



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा फैसला लेते हुए मौजूदा टोल सिस्टम को खत्म कर दिया है. इसके साथ ही सैटेलाइट टोल कलेक्शन सिस्टम लॉन्च करने की घोषणा की है. उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सरकार टोल खत्म कर रही है और जल्द ही सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली शुरू की जाएगी. इस सिस्टम को लागू करने के पीछे का उद्देश्य टोल कलेक्शन को बढ़ाना और टोल प्लाजा पर लगने वाली भीड़ को कम करना है.राज्यसभा में एक लिखित जवाब देते हुए भी उन्होंने कहा था कि सड़क परिवहन और हाईवे मंत्रालय वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम लागू करने जा रहा है. ये अभी सिर्फ चुनिंदा टोल प्लाजा पर होगा. उन्होंने कहा था, अब हम टोल खत्म कर रहे हैं और सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली होगी. आपके बैंक खाते से पैसे कटेंगे और आप जितनी दूरी तय करेंगे, उसके हिसाब से शुल्क लिया जाएगा. इससे समय और पैसे की बचत होगी. पहले मुंबई से पुणे जाने में 9 घंटे लगते थे, अब यह घटकर 2 घंटे रह गया है.इससे पहले दिसंबर में, नितिन गडकरी ने घोषणा की थी कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का टारगेट मार्च 2024 तक इस नई प्रणाली को लागू करना है.

# धर्मांतरण मामले पर हाई कोर्ट ने राज्य व केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**हाई कोर्ट में दोनों सरकारों से इस मामले पर जवाब दाखिल करने को कहा है. मामले की विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को होगी.**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिवासियों के धर्मांतरण से जुड़ी जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से जानना चाहा है कि राज्य के किन-किन जिलों में आदिवासियों का धर्मांतरण हो रहा है. इसे रोकने के लिए दोनों स्तर पर अब तक क्या हुआ. हाई कोर्ट में दोनों सरकारों से इस मामले पर जवाब दाखिल करने को कहा है. मामले की विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को होगी.आदिवासियों के हो रहे धर्मांतरण और उस पर रोक लगाने के लिए आदिवासी हितों के लिए काम करने वाले समाजसेवी सोमा उरांव ने जनहित याचिका दायर की थी. 5 अप्रैल 2024 को सुनवाई के दौरान भी केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 12 जून निर्धारित की थी. तब याचिकर्ता के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि राज्य सरकार को एक जांच कमेटी का गठन करना चाहिए. हाईकोर्ट ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों से शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है.भाजपा ने जनगणना का हवाला देते हुए कहा है कि 1951 से 2011 के बीच संथाल में आदिवासियों की आबादी 16 प्रतिशत घटी है जबकि मुस्लिम आबादी में 13 प्रतिशत का इजाफा हुआ है.

# महिला एशिया कप के फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

**बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 80 रन बनाए. इस लक्ष्य को हासिल करने में टीम इंडिया को कोई दिक्कत नहीं हुई. ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए लक्ष्य बड़ी आसानी से चेज़ कर लिया.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिला एशिया कप में टीम इंडिया का विजयी अभियान जारी है. लीग राउंड में तूफानी खेल दिखाने के बाद अब टीम इंडिया ने पहले सेमीफाइनल में भी एकतरफा जीत दर्ज की. दांबुला में खेले गए सेमीफाइनल मैच में टीम इंडिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज की. बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 80 रन बनाए. इस लक्ष्य को हासिल करने में टीम इंडिया को कोई दिक्कत नहीं हुई. ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए लक्ष्य बड़ी आसानी से चेज़ कर लिया. स्मृति मंधाना ने सेमीफाइनल में सिर्फ 38 गेंदों में अर्धशतक जमाया. सेमीफाइनल में टीम इंडिया की जीत की स्क्रिप्ट गेंदबाजों ने लिखी.

रेणुका ठाकुर ने 4 ओवर में महज 10 रन देकर 3 विकेट झटके. राधा यादव ने भी 14 रन देकर 3 विकेट चटकाए. इस दमदार गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश की टीम 20 ओवर खेलने के बावजूद भी 80 ही रन बना सकी. इसके बाद शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखते हुए बांग्लादेशी गेंदबाजों की जमकर पिटाई की. दोनों ने संभलकर खेलते हुए 43 गेंदों में अर्धशतकीय साझेदारी की और 10 ओवर में टीम इंडिया का स्कोर 70 रनों तक पहुंचाया. इस तरह टीम इंडिया को जीत हासिल करने में जरा भी दिक्कत नहीं हुई.

# नीट-यूजी की फाइनल मेरिट लिस्ट हुआ जारी, 61 की जगह अब 17 टॉपर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीट-यूजी-2024 की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी हो गई है. नई लिस्ट में अब 17 टॉपर रह गए हैं, इससे पहले 61 टॉपर थे. इन 17 परीक्षार्थियों के सौ फीसदी (720 में 720) नंबर आए हैं. इसके साथ ही दो से ढाई हजार तक रैंक में फेरबदल हुआ है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को नीट-यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित किया गया था. इस परीक्षा में 24 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे.17 टॉपर की लिस्ट में दिल्ली के रहने वाले मृदुल मान्या आनंद पहले नंबर हैं.फाइनल मेरिट लिस्ट में राजस्थान के छात्रों का दबदबा देखने को मिला है. यहां के 4 छात्रों ने टॉप 17 में जगह बनाई है. 17 टॉपर में दिल्ली के 2, उत्तर प्रदेश के 2, बिहार का 1, पंजाब का 1, पश्चिम बंगाल का 1,



महाराष्ट्र के 3, तमिलनाडु का 1, केरल का 1 और चंडीगढ़ का एक छात्र है. फाइनल मेरिट लिस्ट के बाद मिनिमम क्वालिफाइंग कटऑफ भी गिर गई है. पहले अनारक्षित वर्ग के लिए यह 164 थी. अब 2 अंक घटकर 162 हो गई है. ओबीसी के लिए 163 थी, जो कि अब 161 रह गई है. एससी और एसटी वर्ग के लिए 129 से घटकर 127 रह गई है. मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद अब नेशनल मेडिकल काउंसिल की ओर से काउंसलिंग का शेड्यूल जारी होगा.

### फेविकोल का जोड़ है टूटेगा नहीं : ललन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी):** जनता दल (यू) से सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने शुक्रवार को बजट चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की मजबूती की तुलना फेवीकोल से की। उन्होंने कहा कि यह मजबूत गठबंधन टूटने वाला नहीं है और नरेन्द्र मोदी सरकार अगले पांच साल देश में सरकार चलाएगी। बजट चर्चा में भाग लेते हुए केन्द्रीय मंत्री ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि वे गिद्धों की तरह कैसे व्यवहार करते हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश, कहा

## किसी भी स्थिति में खनिज का अवैध खनन ना हो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।बैठक में जिलांतर्गत अवैध पत्थर व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें।साथ ही कार्रवाई प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान सभी अंचल अधिकारी को थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम हेतु किए गए कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला खनन कार्यालय पलामू को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस सर्वप्रथम बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किए गए कार्रवाई से उपयुक्त शशि रंजन को अवगत कराया। वहीं बैठक में ज़िला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि माह 28 जून से 25 जुलाई तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन भंडारण के मामलों में 55 वाहनों को जब्त कर 42 प्राथमिकी दर्ज़ की गई हैं। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, एसडीपीओ समेत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित थें।

## अपराधियों ने बाइक नहीं रोकने पर युवक को मारी गोली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज-गढ़वा मुख्य मार्ग पर अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक के पैर में दो गोली लगी है। घटना के बाद युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की रात 11 बजे की बताई जा रहीं है घायल युवक उसी अस्पताल में काम करता है जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।स्थानीय लोगों के अनुसार, गढ़वा निवासी मुजफ्फर अंसारी पलामू के मेदिनीनगर स्थित एक बड़े निजी अस्पताल में काम करता है।गुरुवार की देर रात मुजफ्फर बाइक से अस्पताल से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान अपराधियों ने डाल्टनगंज-गढ़वा रोड पर भिखही मोड़ के पास उसे रोकने की कोशिश की। मुजफ्फर ने अपनी बाइक नहीं रोकी, जिसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर दी।इस फायरिंग में मुजफ्फर के पैर में दो गोली लगी, जिसके बाद वह गिर पड़ा। बाद में अपराधी उसकी बाइक और मोबाइल लेकर फरार हो गए।बाद में स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और मुजफ्फर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल युवक से पूछताछ की जा रही है और अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, जिस इलाके में यह घटना हुई वह पलामू गढ़वा का सीमावर्ती इलाका है।यह सड़क पलामू के मेदिनीनगर से शाहपुर होते हुए गढ़वा जाती है।

## संचालिका पर 10 रुपये की जगह 20 रुपये लेने का आरोप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल परिसर स्थित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र जो नवोदय महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। उक्त दालभात केंद्र पर कुछ ग्राहकों और केंद्र की संचालिका के बीच पैसो को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। दुकान पर खाने गये ग्राहकों द्वारा संचालिका पर 10 रुपये के बजाय 20 रुपया लेने का आरोप लगाया गया।उक्त दुकान पर कचहरी में काम कराने गये दर्ज़नो ग्रामीण ग्राहकों ने बताया कि खाना खाने के बाद जब पैसा भुगतान की बात आया तो संचालिका द्वारा 20-20 रुपये मांगा जाने लगा, इस पर ग्रामीणों ने एतराज जताया तो संचालिका द्वारा कहा गया कि शराफत से पैसा दीजिये। उसके बाद जहा जाना है जाइये। ग्रामीण जय कुमार, रमेश राम, किशुन राम, राम सेवक राम सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि दाल भात केंद्र देख कर हम लोग खाना खाने गये, पैसा देते समय संचालिका द्वारा 20-20 रुपये की मांग किया जाने लगा। मजबूरी में सभी को पैसा देना पड़ा, क्यो की संचालिका लड़ने पर उतारू हो गई।हम लोग अनुमंडल के विभिन्न गांवों से आये है।लड़ाई तो नही कर सकते। जबकि संचालिका ने बताया कि अभी दाल भात केंद्र का टेंडर हो रहा है। अभी चावल से लेकर सभी सामान खुद खरीद कर केंद्र का संचालन कर रही हूँ।इतना महगाई में कहां से 10 रुपये में खाना खिला पाऊंगी। इतना ही नही केंद्र संचालिका ने बताया कि मुझे केंद्र संचालन के लिए 16 क्विंटल चावल मिलना चाहिए लेकिन पहले कुछ महीने ठीकेदार द्वारा पूरा चावल दिया गया।बाद में 12 क्विंटल चावल दिया जाने लगा।अब मात्र 8 क्विंटल चावल ही मिलता है। उसने बताया कि चावल खत्म होने के बाद जब सब खुद खरीदना पड़ता है तब 20 रुपये प्लेट खाना बेचती हूँ।

## मंत्री के इशारे पर विधायक भानु के उपर कराया गया मुकदमा : मनोज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** भारतीय जनता पार्टी केतार मंडल कार्यालय में शुक्रवार को एससी मोर्चा के जिला कर्समीति सदस्य मनोज कुमार फौजी, एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार पासवान और प्रखंड के महामंत्री विमलेश कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि माननीय विधायक भानु प्रताप शाही के बढ़ते जनाधार को देख कर विपक्षी घबरा गए हैं। अभी हाल ही में रांची भाजपा के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हुआ था। उनके कार्यक्रम में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा मंच का संचालन किया जा रहा था। जिसमें श्री शाही के द्वारा कहा गया था कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवर बार जनता की बदौलत आपको गटा पकड़ कर मुख्यमंत्री के कुर्सी से उतार दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री का कोई जात पात नहीं होती वे एक संवैधानिक पद है। विपक्षियों का आवाज उठाना और मांग करना संवैधानिक अधिकार है। प्रेस कांफ्रेंस में कहा है कि यदि इस तरह का रवैया रहा तो सरकार के लोग जनता के बीच जाने के लायक नहीं रहेंगे। भानु प्रताप शाही ने कहीं भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया है। इसके बावजूद गढ़वा के विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के इशारे पर कुछ लोगों द्वारा रमना थाना में विधायक भानु प्रताप शाही के ऊपर केस दर्ज कराया गया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रहलाद बैठा, रविन्द्र सोनी सुदामा चौधरी, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, गौरीशंकर बैठा, रमा बैठा, जोखू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में शुक्रवार को फलेरिया अभियान को सफल बनाने के लिए सहिया, आंगनवाड़ी सेविका का प्रशिक्षण की शुरुआत की गई इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यह जरूरी है कि सबसे पहले आप सभी लोग प्रशिक्षित होंगी तभी यह कार्यक्रम सफल होगा। यह कार्यक्रम दस से पच्चीस अगस्त तक फाइलेरिया की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाएगा। किसी भी सूरत में लाभार्थी को दावा हाथ में नहीं देना है,उन्हें अपने सामने खिलाना है ताकि हमारे देश में फलेरियां जैसी लाईलाज बीमारी किसी को नहीं हो, इसलिए फलेरिया की दावा खाना और खिलाना है, प्रशिक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि हर घर फाइलेरिया की दवा का खिलाया जायेगा। इस कार्य में किसी भी तरह से लापरवाही न बरती जाए, फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है, फाइलेरिया के लक्षण हाथ व पांव में सूजन (हाथी पांव व हाईड्रोसिल) है। किसी व्यक्ति को संक्रमण के बाद बीमारी होने में पाच से 15 वर्ष तक लग सकते हैं। टीम प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामने दवा खिलाएगी, सिर्फ गर्भवती महिला, दो वर्ष के नीचे के बच्चे, अति बीमार, व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। फालेरिया से संबंधी बिनोद तिवारी ने कई अहम टिप्स दिए, पोलियों अभियान का भी सभी को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर एमटीएस पंकज कुमार, ब्लॉक प्रशिक्षक संगीता देवी, अनीता देवी, सहित कई लोग प्रशिक्षण में कई लोग मौजूद रहे।

## कधवन मध्य विद्यालय मे एसएमसी का हुआ चुनाव, अरविंद बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के तोलरा पंचायत अंतर्गत कधवन राजकीयकृत मध्य विद्यालय में शुक्रवार को प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.तोलरा पंचायत के पुर्व उपमुखिया ओमकार नाथसिंह कि अध्यक्षता और प्रवेक्षक अनुराग सिंह की अपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया गया। पहले अभिभावकों को सर्वसम्मति से सदस्य बनाया गया। नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष बनाया गया, वहीं सीमा देवी को उपाध्यक्ष और रीना देवी को संयोजिका चुना गया। मौके पर प्राचार्य बिरेंद्र कुमार, शिक्षक विनोद दीक्षित, प्रभात रंजन पांडेय, राम कुमार सिंह, वार्ड सदस्य अनूप सिंह, उपेंद्र राम, पिंकी देवी, सूर्य देव भुइयां, पुरुषोत्तम सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## चौकीदार भर्ती बहाली में अनुसूचितजाति के साथ हो रहा धोखा : सैयद मोहम्मद हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद बुधवार को चौकीदार भर्ती बहाली अनुसूचितजाति आरक्षण शुन्य पर हुसैनाबाद अनुमंडलीय चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद हुसैन प्रेस जारी में कहा की यह झारखंड सरकार अनुसूचित जाति के साथ धोखा दे रही है जो यह कार्य निंदनीय है उन्होंने कहा कि आरक्षण शुन्य के विरुद्ध दिनांक 28/7/24 को जपला रेलवे स्टेशन से इन्टरसिटी ट्रेन द्वारा समस्त चौकीदार संघ होंगे रवाना एवं 29/7/24 को रांची पहुंचकर सरकार के विरूद्ध आवास घेराव का आयोजन किया गया है। मौके पर चौकीदार कमता पासवान सुरेश राम अर्जून राम मनोज कुमार पासवान नसिम खान राजेन्द्र राम मुनि राम प्रकाश पासवान सुदेश्वर राम अमित कुमार पासवान दीलीप कुमार पासवान सतेन्द्र कुमार पासवान जनेश कुमार पासवान जवाहिर राम नन्दलाल राजदेव राम मोहमूद अंसारी समस्त हुसैनाबाद मौजूद थे।

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** शुक्रवार को जपला स्थित टाउन हॉल में पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह चन्द्रवंशी तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार जी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ की गई । इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम का विषय परिवेश कराते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने वीर शहीदों का गुणगान किया और शहीद वीरनारी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यालय द्वारा की जा रही कार्यो की जानकारी दी । संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व बताया कि 26 जुलाई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारतीय सीमा से खदेड़ कर उनके कब्जे से हमारी धरती को मुक्त किया था। उन्होंने कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं हमारा प्रयास है कि हरेक छात्र छात्राओं के अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो उन्होंने सभी छात्रों को एक सैनिक की तरह सदैव तत्पर रहने की सलाह दी । मुख्य अतिथि पियूष सिन्हा ने शहीदों को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया। और पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा सभी वर्गो के लिए कि जा रही कल्याणकारी कार्य के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में प्रशासन आपकी मदद के लिए सदैव तैयार है। विशिष्ट अतिथि रौशन कुमार ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद् को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद के बून पब्लिक स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, +2 बालिका उच्च विद्यालय, दक्ष पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के स्कूली बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संगठन के अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की दूसरी सबसे बड़ी व आधुनिकतम सेनाओं में से एक है हमारी संस्था इस छोटे से कार्यालय से केवल पूर्व सैनिकों का ही नहीं बल्कि समस्त समाज हर वर्ग के लोगों को पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। उन्होंने आए हुए विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया इसके साथ सभा के समापन हुई। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी रामप्रवेश सिंह, मयंक कुमार सिंह, मुखिया नरेंद्र ठाकुर, आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डबलु सिंह जितेंद्र सिंह कुशवाहा, सीता राम सिंह संजय सिंह, शैलेश कुमार, आराधना सिंह बबीता सिंह वीर नारी प्रेम लता कुंअर शिवपति कुंअर पूर्व सैनिक सत्येंद्र शर्मा, सुरेश ठाकुर, अवध माली प्रसाद सिंह असर्फी पाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कजरात-दंगवार सड़क निर्माण में संवेदक की लापरवाही से राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन से दंगवार जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कंपनी के संवेदक ने पक्की सड़क तोड़कर उस पर मिट्टी भर दी, जिससे आम राहगीरों और ग्रामीणों को बड़ी परेशानी हो रही है। गुरुवार को हुई बारिश के बाद कई दोपहिया, चारपहिया वाहन चालक, ऑटो चालक, बाइक चालक, और साइकिल चालक कीचड़ में फंस गए, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के ग्रामीण राजकेश्वर यादव, धनंजय कुमार, बच्चू मेहता, संतोष कुमार और राहुल कुमार ने बताया कि जपला सिद्धनाथ गेट से कजरात नावाडीह होते हुए दंगवार तक लगभग 49 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पहले यह सड़क आने-जाने लायक थी, लेकिन भारी बरसात के बीच संवेदक द्वारा बिना उचित योजना के सड़क तोड़कर उस पर मिट्टी डाल देना कहीं से भी उचित नहीं है। इसका खामियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है, जिससे न केवल गाड़ी से बल्कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों के लिए स्टेशन पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। इस वजह से राहगीरों में सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक के प्रति काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के बाद मनरेगा कर्मियों ने बारियातू में किया औचक निरीक्षण

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अनुसूचीय कर्मचारी संघ राज्य इकाई के निर्देशानुसार अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय, बारियातु का औचक निरिक्षण किया. इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी पंकज शाहदेव ने बताया कि 22 जुलाई से राज्य के मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे 24 जिलों मे नौ सूत्री की मांग किया गया है. झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ वेतनमान और अस्थाई करण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं.इसमें लातेहार भी सम्मलित है. इसी क्रम मे हमलोग लातेहार होते हुएं हेरहंज, बालूमाथ, बारियातु व चंदवा प्रखंड कार्यालय का का औचक निरिक्षण करते चल रहे हैं। निरिक्षण मे यह पता कर रहे हैं की कौन कर्मी यहाँ आ रहे हैं जा रहे हैं. हमलोग चाहते हैं की नौ सूत्री मांग मे सरकार और प्रशासन हमलोग को सहयोग करे मांग और डिमांड सरकार तक आसानी से पहुँच सके। मौके पर मनोज कुमार पासवान, बिनोद राम, अरुण कुमार सच्चिदानंद कुमार, पंकज शाहदेव, राजा राम सिंह, आशीष कुमार, सहित अन्य कई कर्मी मौजूद थे।

## दस साल में दो लाख से अधिक तिरंगा और दस लाख से अधिक जरुरतमंदों को मदद कर गढ़वा कि शान बन चुके है तिरंगा वाले शौकत खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कारगिल विजय दिवस एवम् झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी की शहादत दिवस पर शुक्रवार को राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने प्रतिदिन कि तरह अपने निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, पुस्तक बैंक, सत्तू बैंक से गरीबों की सेवा देकर दिया शहीदों को सच्चि श्रद्धांजलि दिया।इस संबंध में शौकत खान ने बताया कि आज से दस वर्ष पुर्व मैंने सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट कैलाश आर्या अभियान एसपी सदन कुमार से प्रेरणा पाकर मानवता कि सेवा में अपना कदम आगे बढ़ाया था। आज दस साल में बहुत सारे कार्य मैंने अपने भारतीय सेना के सम्मान में झारखंड पुलिस के सम्मान में एवम् शहीदों के सम्मान में किया। जिसमें से राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह लगातार दस वर्षो से आयोजित कर दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर अनोखे अंदाज में देशभक्ति का जज्बा लोगों में जगाया। उन्होंने बताया कि हम सभी भारतीय चाहे किसी धर्म, मजहब के मानने वाले हो।लेकिन हमारा देश भारत है और देश कि आन बान और शान तिरंगा सर्वोपरी है। हम सभी भारतीय नागरिक तिरंगा के नीचे हैं। हम सब को मिलकर अपने तिरंगा कि शान और भारत कि तरक्की और उन्नति एवम् अमन-चैन खुशहाली के लिए सदा समर्पित रहने कि जरुरत है।

## अमर्यादित भाषा के प्रयोग से शिक्षकों आक्रोश, नंगे पांव रहकर किया कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के द्वारा शिक्षकों के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के खिलाफ शिक्षकों में उबाल है। उन्होंने इसका विरोध विद्यालय में नंगे पांव कर कार्य किया।शिक्षा परियोजना जैसे अहम पद पर रहकर शिक्षकों के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग की जितनी निंदा की जाए वह कम है। यह रवैया प्रखंड से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी का भी है। उनका काम है शिक्षकों का प्रोत्साहन करते हुए झारखंड के शिक्षा का स्तर को ऊंचा करना यह नहीं कि शिक्षकों को बार-बार अपमानित करना उनका मनोबल तोड़ना अगर यही स्थिति रही तो शिक्षक सड़क लेकर सदन तक इसका जोरदार विरोध करेंगे। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ सह झारोटेफ जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि विभाग शिक्षक को शिक्षक रहने दें शिक्षक का काम है विद्यालय में शिक्षण कार्य करना लेकिन विभाग यह नहीं चाहती कि शिक्षक विद्यालय में शिक्षण कार्य करें बल्कि 50 से 100 तरह के रजिस्टर के रखरखाव अन्य गैर शैक्षणिक कार्यो में उलझाए रखना चाहती है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने कहा कि विभाग का काम है प्रतिदिन नए-नए गैर वाजिब पत्र निकालना और शिक्षक को उसके पीछे दौड़ाना सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से विभाग अभिलंब मुक्त करें शिक्षकों को पोशाक भत्ता दे शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने हेतु समुचित व्यवस्था करें।विरोध प्रदर्शन करने वालों में तृप्ति भारती ज्योति चौधरी संतोष पासवान प्रदीप कुमार सिंह संजीव कुमार चंद्र प्रमोद कुमार पांडेय संजीव कुमार आनंद पांडे वीरेंद्र प्रसाद सहित सैंकड़ों शिक्षक शामिल हैं।

**Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board**
**(Government of Jharkhand Undertaking)**
**4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001**

**Corrigendum**

**Ref. No: 568** **Date: 26.07.2024**

Subsequent to the discussion held in the pre-bid meeting on 23.07.2024 for E - Tender Advt. PR No: 329945 dated 18.07.2024 for **supply, installation and commissioning of Machines and equipment for Bamboo Craft Cluster, Bundu, Ranchi, Jharkhand**, certain modifications in technical specification sheet (Annexure – II) and terms & conditions have been made in the bid document.

Detailed changes in the terms & conditions may be seen on the website http://jharkhand tenders.gov.in / http://mmlkuvb.jharkhand.gov.in

PR 330880 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board(24-25).D

Sd/-
Chief Executive Officer

Contact Detail: Mukhyamantri Laghu evam Kutir Udyam Vikas Board
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
Email- contact.cmlaghukutir@gmail.com, Phone: 9102467777, 9262219999

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड विकास पदाधिकारियों का स्थानांतरण स्थगित

**रांची।** शुक्रवार को अचानक प्रखंड विकास पदाधिकारियों के तबादले पर सवाल खड़ा होने के बाद झारखंड सरकार ने 24 जुलाई 2024 की तिथि को बीडीओ के सभी 61 पदाधिकारियों के तबादले को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से आदेश जारी हुआ है और सभी उपायुक्त व उपविकास आयुक्त , संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 जून 2024 द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण में संबंद्ध पदाधिकारियों के स्थानांतरण- पदस्थापन पर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 20 अगस्त 2024 तक पांबदी लगाया गया है। ऐसे में उक्त के आलोक में विभागीय निर्गत अधिसूचना संख्या 2664 से 2724 सह पठित ज्ञापांक 2725 , 24 जुलाई 2024 को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। इस तरह के निर्णय आने के बाद राज्य में हलचल मच गई है।

### फिल्म खोटा सिक्का दूसरे हफ्ते भी हाउसफुल रही

**रांची ।** समस्त आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में भाषा संस्कृति को बढ़ावा और इसे बचाने के लिए साथ ही झॉलीवुड ( झारखंड)कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक बनकर खोटा सिक्का नागपुरी फिल्म देखने पहुंचे।इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, केन्द्रीय सरना समिति और सरना प्राथना सभा के सभी सदस्यों ने फिल्म देखा। मौके पर पवन तिर्की, प्रवीण कच्छप, कुलभूषण डुंगडुंग, आकाश तिर्की, संदीप तिर्की,अनुज हेमरूम, राहुल तिर्की, संतोष तिर्की,सिकेंदर खलखो,राजु एक्का, रोहित तिर्की, स्मिथ तिर्की, श्याम कुजूर, नवीन तिर्की, लक्की सिकंकु,और अशिषा तिग्गा इत्यादि लोग उपस्थित हुए थे।

# अनुराग गुप्ता के डीजीपी बनाए जाने पर राजनीतिक गलियारे में मची खलबली

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव आने में अब महज तीन से चार महीने हैं बाकी , लेकिन अब कुछ राजनीतिक हल चले तेज हो गई है। यह इसलिए हो रहा है कि अचानक भाजपा से कांग्रेस में गए जेपी भाई पटेल की सदस्यता 25 जुलाई 2024 को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा रद्द कर दिया गया है। और रातों रात डीजीपी अजय सिंह को हटा दिया गया है। बता दें कि जेपी भाई पटेल कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में हजारीबाग लोकसभा से चुनाव लड़े थे, लेकिन वे भाजपा के निर्वाचित सदस्य थे , जिनकी सदस्य विधानसभा अध्यक्ष द्वारा समाप्त कर दी गई। हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियों के विधायक लोबिन हेंब्रम जो पार्टी के विरुद्ध जाकर राजमहल लोकसभा चुनाव लड़े थे, इसलिए उनकी भी सदस्यता रद्द कर दी गई है,। लेकिन कांग्रेस के द्वारा यह आपत्ति जताई जा रही है कि आखिर झारखंड मुक्ति मोर्चा के विशनपुर विधायक चमरा लिंडा पर गाज क्यों नहीं गिरी, क्योंकि वे भी इंडियन गठबंधन और अपनी पार्टी से हटकर कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत के खिलाफ लोहरदगा लोकसभा चुनाव लड़े थे। अभी यह बहस जारी ही हुआ था कि रातों-रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार द्वारा राज्य के डीजीपी अजय सिंह को भी उनके पद से हटा दिया गया और इनके स्थान पर तत्कालीन भाजपा के मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में विवादों में आए आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची (अतिरिक्त प्रभार-महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, को राज्य के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार देने के बाद एकाएक राजनीतिक गलियारे से लेकर पुलिस महकमें में खलबली मच गई , लेकिन यह निर्णय क्यों लिया गया यह भी जानना दिलचस्प होगा।

### इन घटनाओं को जानना जरूरी है

10 जून 2022 को रांची शहर के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में एक जुलूस निकाला गया था , इस दौरान गोलीबारी की घटनाएं हुई थी, तब तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन,एस एसपी सुरेंद्र झा , सिटी एसपी अंशुमन, डेली मार्केट थाना प्रभारी अवधेश ठाकुर , लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार सहित अन्य मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल मोर्चे पर थे। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद काफी हो हंगामा हुआ था, पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी, दूसरे दिन जुलूस में शामिल लोगों को चिन्हित कर यूपी के तर्ज पर पोस्टर चिपका दिया गया था। हालांकि एक घंटा बाद ही झारखंड सरकार के आदेश से यह पोस्टर हटा दिया गया था, लेकिन आज तक स्पष्ट नहीं हो सका कि यह पोस्टर किनके निर्देश पर लगाया गया था, अब इसकी छानबीन शुरू हो रही है। वहीं 31 जनवरी को जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा गिरफ्तार किये गये थू , इस दौरान सीआरपीएफ के जवान गोंदा थाना स्थित मुख्यमंत्री आवास के पास उतार दिये गये थे , माना जा रहा है कि यह ऐसा इसलिए किया गया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर दबाव बना सके, कुछ विधि व्यवस्था बिगड़ती तो राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाता। इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कांग्रेस कोटे के तीन विधायकों वर्तमान के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, नमन विल्सन कोंगाडी की भी गिरफ्तारी हुई थी, और कांग्रेस कोटे से लोकसभा में मुसलमानों को टिकट नहीं दिया गया। इन सबके कारण संदेह तो शुरू से हो ही रहा था , लेकिन सवाल अब उठ रहा है , कि जब कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाए गए बन्ना गुप्ता के पास गृह, जेल और आपदा प्रबंधन था तो फिर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को कंट्रोल करने में खुद को कितना पहल किया था, अब पूरी तरह से यह जांच के दायरे में आने जा रहा हैं। इन सब घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब जेल से बाहर आए और नए सिरे से कैबिनेट मंत्री का विस्तार किया किए , उन्होंने जेल,गृह आपदा प्रबंधन विभाग अपने पास रख लिया और इसको देखते हुए तुरंत डीजीपी अजय सिंह को उसके पद से हटा दिया गया।

### कांग्रेस और जेएमएम में बढ़ेंगी दूरी, बन्ना गुप्ता संदेह के दायरे में आ सकतें हैं



**कई पदों पर रहें चुके हैं :** बता दें कि आईपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। गढ़वा, हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के पद पर काम कर चुके हैं। इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में उन्हें लंबे समय तक एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर भी थे।सीआईडी डीजी रहते हुए उन्होंने कई साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए बड़े मामलों का खुलासा किया है।

### झारखंड के डीजीपी बनाए गए अनुराग गुप्ता

रांची। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड ने अधिसूचना जारी कर दिया है। तीन आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। अजय कुमार सिंह, भापुसे (1989). महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, रांची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची के पद पर पदस्थापित किया जाता है। वहीं अनुराग गुप्ता, भापुसे (1990), महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची (अतिरिक्त प्रभार-महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, राँची अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के प्रभार में रहेंगे। प्रशान्त सिंह, भापु से (1992), अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर पुलिस महानिदेशक, संचार एवं तकनीकी सेवाएँ, राँची के पद को पुलिस महानिदेशक कोटि में उत्क्रमित करते हुए पुलिस महानिदेशक, संचार एवं तकनीकी सेवाएँ, राँची के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देर से सही लेकिन लिया निर्णय

सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि हेमंत सोरेन जब 29दिसंबर 2019 में मुख्यमंत्री पद के लिए पदभार लिये थे तब अपने पास उन्होंने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा मंत्रालय,प्रशासनिक सुधार और राजभाषा मंत्रालय, कैबिनेट सचिवालय और सतर्कता मंत्रालय , विधि मंत्रालय, उद्योग मंत्रालय, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्रालय रखें थे। जबकि कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता के पास स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, गृह, जेल और आपदा प्रबंधन मंत्रालय 28 जनवरी 2020 दे दिया गया था। अब वे मान रहे हैं कि उन्होंने कहीं न कहीं चूक कर बैठे थे।

### कांग्रेस की शिकायत पर आयोग ने दिया था निर्देश

चुनाव आयोग ने कांग्रेस की शिकायत के बाद संज्ञान लेते हुए झारखंड के एडीजी अनुराग गुप्ता को दिल्ली अटैच कर दिया था। कांग्रेस ने झारखंड में हाल ही में खत्म हुए लोकसभा चुनाव के कार्य से बाहर रखने की मांग की थी। कांग्रेस ने 2016 में राज्यसभा चुनाव के दौरान झारखंड के एक विधायक को पार्टी विशेष को मदद पहुंचाने के आरोप का हवाला दिया था। शिकायत करनेवालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आरपीएन सिंह, कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी आदि नेता शामिल थे। बावजूद इसके हेमंत सोरेन की सरकार में अनुराग गुप्ता को जगह मिली और अपने पदों पर रहते हुए अपराध नियंत्रण, साइबर ठग पर रोक सहित कई बेहतरीन काम किया और आगे भी अपराध, नक्सल, लूट, छीनताई,डैकैती, हत्या,रेप, अपहरण जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने और भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए बेहतर कार्य करेंगे राज्य की जनता को ऐसी उम्मीदें हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर पीएम के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी पहुंचे द्रास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** कारगिल विजय दिवस पर 26 जुलाई को द्रास में आयोजित रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों का हौसला बढ़ाया और कहा कि कारगिल की जीत किसी युद्ध की जीत नहीं है। वह सच्चाई और सामर्थ्य की जीत है। कारगिल के युद्ध में भारत में जो एकजुटता दिखाई है, वह अद्वितीय है। हमारे सैन्यजनों ने जो पराक्रम और वीरता का परिचय दिया, वह प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। सेना के जवानों का हौसला बढ़ाया। पीएम ने दो टूक कहा कि भारत अब हर क्षेत्र में हर मोर्चे पर मजबूत है।

# डिस्टलरी वेंडर मार्केट के पहले तल्ले पर सजा सब्जी बाजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम की टीम के प्रयास और लालपुर-कोकर मार्ग के सभी सब्जी विक्रेताओं के समर्थन और सहयोग से डिस्टलरी वेंडर मार्केट के प्रथम तल पर सब्जी दुकानें सजी। ज्ञात हो कि लालपुर-कोकर मार्ग के सब्जी विक्रेताओं को डिस्टलरी वेंडर मार्केट में व्यवस्थित/स्थल निर्धारण करने हेतु लॉटरी की गई थी, जिसमे 130 वेंडिंग स्थल आवंटित की गई और आज सुबह से उन्हें अपने-अपने वेंडिंग स्थल पर बैठने हेतु अनुमति दी गई थी। इसके अलावा प्रतीक्षा सूची के वेंडर्स को उनके अनुरोध पर, उन्हें उक्त मार्केट के 3 साइड लेन पर बैठने की अनुमति दी गई है। सभी सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने के पश्चात् अब लालपुर-कोकर मार्ग पर कोई वेंडिंग गतिविधि नहीं होगी और सड़क जाममुक्त रहेगा। इसके अलावा बता दे कि उक्त आवंटन, लालपुर-कोकर मार्ग में अपनी वेंडिंग गतिविधि के प्रमाण के रूप में अपने संबंधित दस्तावेज जमा करने तक, अनंतिम हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनका आवंटन पत्र जारी किया जाएगा और अंतिम आवंटन सूची को मंजूरी दी जाएगी। किसी भी गलत दावे/फर्जी विक्रेताओं के मामले में उनका अनंतिम आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और वह स्थान प्रतीक्षा सूची के विक्रेताओं को आवंटित किया जाएगा। रांची नगर निगम द्वारा सभी सब्जी विक्रेताओं को मार्केट में साफ़-सफ़ाई को प्राथमिकता देने हेतु निदेश दिया गया है। साथ ही स्थल निर्धारण के बाद भविष्य में सड़क पर दुकान नहीं लगाने हेतु भी निर्देश दिया गया एवं ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह, प्रदेश महामंत्री रमेश उरांव, संगठन महामंत्री मृत्युंजय कुमार, कोषाध्यक्ष गुलाब महतो, सहायक महामंत्री साबिलूर रहमान, रमेश शर्मा, बिनोद पाण्डेय ने एसीबी सह सीआईडी डीजी रहे अनुराग गुप्ता को झारखंड को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर अनुराग गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह को झारखंड को झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड में पदस्थापित करने पर उन्हें भी बधाई दी गई।

# झारखंड में घट रही है आदिवासियों की जनसंख्या : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी पर राज्य सरकार को घेरा। मरांडी शुक्रवार को मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही। संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। डेमोग्राफी का यह परिवर्तन डेमोक्रेसी केलिए खतरा है। जो सबके लिए चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन में सबसे ज्यादा अगर कोई समुदाय प्रभावित हुआ है वह है जनजाति समाज। उन्होंने 1951और



2011के जनगणना रिपोर्ट के आधार पर प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में वर्ष 1951में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत, सनातनी हिंदू 87.9 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी। जबकि 2011में आदिवासी 26 प्रतिशत ,हो गए और मुस्लिम 14.5 प्रतिशत और सनातनी 81.17 प्रतिशत हो गए। अर्थात आदिवासी घटे,सनातनी घटे और मुस्लिम बढ़े।उन्होंने संथाल परगना का आंकड़ा बताते हुए कहा कि यहां की स्थिति तो खतरे की घंटी तक पहुंच गया ।यहां अलार्मिंग स्थिति है। आकड़े बताते हुए उन्होंने कहा कि 1951में संथाल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या 44.67 प्रतिशत ,मुस्लिम 9.44प्रतिशत और अन्य 45.9 प्रतिशत थी जबकि 2011 में आदिवासियों की जनसंख्या घटकर 28.11प्रतिशत हो गई और मुस्लिम आबादी बढ़कर 22.73 प्रतिशत पहुंच गई। अन्य की आबादी बढ़कर 49.2 प्रतिशत ही हुई। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े डेमोग्राफी में हुए बड़े बदलाव की ओर स्पष्ट संकेत कर रहे।

# रांची के हिंदपीढ़ी में एक ठेकेदार ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को सुबह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सत्यजीत सरकार के रूप में हुई है। वे पेशे से ठेकेदार बताये जा रहे हैं । घटना की सूचना मिलते ही हिंदपीढ़ी था ना प्रभारी, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सभी पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स भेज दिया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना की जानकारी में जुटे हुए थे। कोतवाली डीएसपी ने बताया कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास रहने वाले सत्यजीत सरकार ने आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद सरकार के पड़ोसियों ने उनकी पत्नी



को फोन किया, पूरे मामले की जानकारी दी। परिजन जब फ्लैट के बाहर पहुंचे तब दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम जब कालीचरण अपार्टमेंट के बी ब्लॉक के कमरा नंबर 102 के दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंची तो सोफा पर सत्यजीत सरकार का शव मिला। उनकी हाथ में पिस्टल था , एफएसएल जांच, पिस्टल जब्त रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामला आत्महत्या का है। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। सत्यजीत सरकार ठेकेदारी का काम किया करते थे। घटना के समय उनकी पत्नी और बच्चे मायके गए हुए थे। अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। पुलिस ने बताया कि इसकी पत्नी से भी संपर्क किया जा रहा है।

# एचईसी किसी भी हाल में बंद नहीं होगा : इंडिया गठबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने मुस्ताक आलम जिला अध्यक्ष झामुमो की अध्यक्षता एचईसी के मुद्दे को लेकर बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक का संचालन इंडिया गठबंधन के संयोजक सह सीपीआई के कार्यालय सचिव अजय सिंह ने किया। इस बैठक का उद्देश्य एचईसी के मुद्दों को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रभात तारा मैदान में दिए गए बयान पर अपनी सहमति जताना था। बैठक में एक सूत्री एजेंडा एचईसी को बचाने एवं एचईसी के जीर्णोधार पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। परिचर्चा में सभी पार्टियों के साथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के द्वारा एचईसी पर की गई घोषणा कि अगर केंद्र सरकार एचईसी को चलाने में सक्षम नहीं है तो राज्य सरकार को सौंप दे ,इसका स्वागत सभी घटक दलों के लोगों ने किया और केंद्र सरकार से मांग किया कि झारखंड सरकार को सभी प्रक्रिया पूरी कर एचईसी को सौंप दें। राज्य सरकार एचईसी को सुचारू रूप से चलाने का काम करेगें । इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, आजाद कलाम, जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, कांग्रेस से सुनील सहाय, अजय नाथ सहदेव, योगेंद्र सिंह बैनी, चंदन बैठा, शाहिद अहमद, आरजेडी से जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, राजेश यादव, टीएमसी से दयानंद सिंह, फीलमन टोप्पो, सीपीआईएम से प्रफुल लिंडा, अमल आजाद, आम आदमी पार्टी से संतोष रजक, झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो सरोजिनी कश्यप, सीपीआई से अजय सिंह, इम्तियाज अहमद, आरती देवी, किरण कुमारी, सिमरन मिंज आदि लोग शामिल हुए ।

# यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन 28 को

**रांची :** श्रीकृष्ण विकास परिषद के अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि 28 अगस्त को यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम पुराना विधायक क्लब सेक्टर 2 धुर्वा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से यादव प्रतिनिधि शामिल होंगे । कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठन के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सामाजिक एकता और सामाजिक विकास के लिए चर्चा कर संकल्प लिया जाएगा ।

# अनुराग गुप्ता ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक का पदभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** अनुराग गुप्ता, भापुसे के द्वारा अजय कुमार सिंह, भापुसे, तत्कालीन महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची से पुलिस मुख्यालय में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, भापुसे को अनुराग गुप्ता, भापु से, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड एवं पुलिस मुख्यालय में उपस्थित सभी वरीय एवं कनीय पदाधिकारियों के द्वारा विदाई दी गयी। अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने अपने संबोधन में राज्य की जनता के प्रति अपनी प्राथमिकतायें गिनाते हुये अपराध, विधि-व्यवस्था संधारण, आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास



पैदा करना एवं पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करना, जिसमें पुलिस की बहाली, उनकी प्रोन्नति, समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण कराने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने संगठित अपराध, साईबर काईम, नशीले पदार्थो, महिलाओं के विरूद्ध किये जाने वाले अपराधों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने को अपनी प्राथमिकता बताई। थानों की पुलिसिंग, पुलिस थानों में आम जनता के साथ पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा अच्छे व्यवहार, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन, बुजुर्ग, कमजोर एवं महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने को अपनी उच्चतम प्राथमिकता बताई।पदभार ग्रहण के दौरान आरके मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, विद्युत वितरण, डॉ संजय आनन्द राव लाट्कर अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, प्रिया दुबे, अपर पुलिस महानिदेशक, झासपु, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, राँची प्रक्षेत्र, राँची, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, अनुप बिरथरे, पुलिस उप-महानिरीक्षक, दछे क्षेत्र, राँची, कार्तिक एस, पुलिस उप -महानिरीक्षक, एसआई0बी0, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा मानसून सत्रः विपक्ष ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर सदन के बाहर किया हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** 26 जुलाई शुक्रवार से लेकर 2 अगस्त के लिए झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत हो गई है। सत्र की शुरुआत शोक प्रकाश के साथ हुई और फिर सदन में थोड़ा हंगामा हुआ और सोमवार तक के लिए सदन स्थगित हो गया। 29 जुलाई सोमवार को अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

**सदन के प्रांगण में भाजपा प्रदर्शन : मानसून** सत्र के शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर भाजपा के विधायकों ने राज्य में खनिज-संपदा की लूट,बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिए जाने,हर साल पांच लाख नौकरी का वादा पूरे नहीं करने के मुद्दे पर जमकर प्रदर्शन किया। विपक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफलः भाजपा विधायकों ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और इस सरकार को एक भी दिन सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण, गोड्डा विधायक अमित मंडल, कांके विधायक समरी लाल सहित अन्य



कई विधायक मौजूद थे।

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में दिया जा रहा पनाहः भाजपाः** भाजपा विधायकों ने कहा कि वोट की राजनीति में सत्ताधारी दलों के नेता बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में पनाह दे रहे हैं और इस कारण पूरे संथाल परगना में डेमोग्राफी चेंज हुआ है। इन सब मुद्दों पर मानसून सत्र के दौरान भाजपा हेमंत सरकार से जवाब चाहेगी और जनता को यह बताएगी कि कैसे 2019 में जनता से धोखा कर सत्ता में आई महागठबंधन की सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए।

**आजसू विधायक लंबोदर महतो धरना पर बैठे :** मानसून सत्र के पहले दिन भाजपा गठबंधन के आजसू विधायक लंबोदर महतो ने भी विधानसभा के बाहर धरना दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि आम लोगों का सहारा इंडिया में जमा पैसा को वापस दिलाने के लिए राज्य सरकार जल्द पहल करें। भाजपा नेता सदन के बाहर बैनर लेकर बैठे हुए थे और सरकार पर कई आरोप लगा रहे है थे। विपक्षी नेताओं ने बैनर पर लिखा, पत्थर, कोयला, बालू, जमीन लूटवा हेमंत हाय हाय, पांच लाख नौकरी का क्या हुआ?, युवाओं के सपनों का हत्यारा हाय हाय, और स्नातक को 5000 और स्नातकोत्तर को 7000 बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ। धरना देने वालों में विधायक अमित मंडल, समरी लाल, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, बिंरचि नारायण समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

# जमीन घोटाला मामले में ईडी दफ्तर में पेश हुए कमलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** गरीब आदिवासियों की जमीन लूटने और जमीन की दलाली करने वाले कमलेश कुमार शुक्रवार को रांची के हीनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में हाजिर हुआ। छह समन के बाद कमलेश ईडी के सामने पेश हुआ है। पांचवा समन जारी होने के बाद कमलेश ने ईडी को पत्र लिखकर जवाब दिया था कि उसे पेश होने के लिए कुछ समय चाहिए वो मानसिक रूप से परेशान है, इसके बाद ईडी ने 26 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था और वो शुक्रवार को ईडी के सामने पेश हुआ।जमीन घोटाला मामले में ईडी ने कमलेश के घर में छापेमारी की थी। इस दौरान उसके घर से एक करोड़ रूपये कैश, 100 कारतूस और जमीन से जुड़े कुछ जरूरी दस्तावेज मिले थे इसके बाद ईडी ने कमलेश को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन पिछले पांच समन में वो ईडी के सामने पेश नहीं हो पाया था।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे अपना काम करे : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे फाटक को शुक्रवार को बंद कराने आए रेलवे अधिकारियों को दर्जनों गांव के ग्रामीणों का भारी विरोध के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ा। रेलवे के डी एन, ए एन, ए सी, सहित अन्य पदाधिकारी और आरपीएफ के एसआई दल बल के साथ शुक्रवार को इटकी रेलवे स्टेशन में बना मानव सहित रेल फाटक को बंद कराने पहुंचे थे। फाटक को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही स्थानीय ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई. और देखते ही देखते दर्जनों गांव के ग्रामीण जमा हो गए और फाटक बंद करने का विरोध करने लगे । फाटक के दोनों ओर महिला-पुरुष,के साथ साथ बुजुर्गों का भीड़ उमड़ पड़ा और प्रदर्शन करने लगे. मामला की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने घटना स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया और रेलवे के अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर उच्च अधिकारियों से के साथ वार्ता के बाद ही आगे की करवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान इटकी ब्राम्बे मार्ग घंटों तक जाम हो गई।ग्रामीणों का आरोप है की रेलवे विभाग द्वारा बनाई गई सबवे बड़ी गाड़ियों के आवागमन के अनुरूप नहीं बनाई गई है, साथ ही बरसात के दिनों में सबवे पर पानी जम जाता है। सबवे में विभाग द्वारा बनाई गई नाली निकासी की दिशा ऊंचाई पर होने के कारण नाली में ही जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण आम जनों, स्कूली छात्र छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो की रेलवे फाटक के दक्षिणी दिशा में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, एनसीडीसी हॉस्पिटल, इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला, प्रखंड कार्यालय, इटकी थाना, सहित चार बैंक स्थापित है।इसके साथ ही इटकी ब्रांबे मार्ग पर रोजाना सैंकड़ो छोटी, बड़ी वाहनों का आवागमन होता है, रेलवे द्वारा बनाई गई सबवे में लंबी वाहन पार नहीं हो पाता है जिससे घंटो के लिए सड़क जाम के कारण बाधित हो जाता है । उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर 2023 को पूर्व विधायक बंधु तिर्की के अगुवाई में इटकी के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल फ्लाईओवर (आरओबी) निर्माण की मांग को लेकर डीआरएम के साथ एक बैठक हुई थी। डीआरएम से हुई वार्ता में आम जनों के सुविधा अनुसार रेलवे ने कार्य करने का आश्वासन दिया था।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के द्वारा संत माईकल + 2 स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के द्वारा शुक्रवार को संत माईकल + 2 स्कूल, मूरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के प्रबंधक श्री दिनेश कुमार जी ने बच्चो के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौद्यो का वृक्षारोपण किया साथ ही उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तहत चलाए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के बारे मे बच्चो को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के बच्चो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवम् विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे अमरूद, आम, जामुन, पपीता इत्यादि के पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाया । विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार ने वृक्ष की उपयोगिता बताते हुए पर्यावरण संबंधी महत्त्वपूर्ण बातो से छात्रों को अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ रुपेश कुमार ने बैंक के शाखा प्रबंधक श्री दिनेश कुमार एवं उनके सहयोगियों को विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए धन्यवाद दिए । मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने बच्चो को वृक्षारोपण की विशेषता को बताते हुए कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने मानव के जीवन को सुखी , समृद्ध एवम् संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है। इस मैके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाए एन. सी. साहु, अनुराग कुमार, सपना दत्ता,रमेश गोराई, संजुक्ता सिंह देव, हनी कश्यप, स्वेता रेंजिश भेंगरा एवम् सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में शुक्रवार को जूनियर वर्ग के बच्चों ने करगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद भारतीय वीर जवानों की याद में बच्चों ने श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। 1999 में कारगिल-द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्रों को वापस लेने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय शुरू किया था। भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तानी सेना के करीब तीन हजार से अधिक सैनिकों को मार गिराया था। यह युद्ध 18 हजार फीट की ऊंचाई पर लड़ा गया था। करीब 60 दिनों तक चले इस युद्ध में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी। मौके पर शिक्षिका गायत्री सुदर्शी, ललिता महतो के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## विस्थापित रैयत जाहिद अली ने पिपरवार जीएम को सौप मांग पत्र



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के बहेरा गांव के विस्थापित रैयत जाहिद अली ने पिपरवार जीएम को मांग पत्र सौंपा है।मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने पिपरवार के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित होने पर पेड़-पौधा का मुआवजा देने एंव प्लॉट की समस्या का समाधान करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि यह मामला 20 साल पहले का है।राजधर रेलवे साइडिंग निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था,लेकिन प्लॉट की समस्या का हवाला देते हुए प्रबंधन के द्वारा अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता कार्यालय का चक्कर लगाकर इस दुनिया से विदा हो गये, उसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है और अब वह स्वंय कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं।इसके बाद उन्होंने अब आंदोलन का मन बनाया है।उन्होने कहा कि यदि 09 अगस्त तक प्रबंधन के द्वारा मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बाध्य होकर 10 अगस्त से राजधर रेलवे साइडिंग सहित सीसीएल के अन्य कार्यो को बंद कराया जाएगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शिक्षा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सीबीएसई के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पोएट्री स्किल्स का आयोजन किया गया।जिसमें स्कुल के कक्षा सातवीं नवमी और दसवीं के बच्चों ने भाग लिया।इस मौके पर स्कुल के शिक्षक सायंतन भट्टाचार्य और आकांक्षा मिश्रा ने स्कूल के बच्चों को पोएट्री स्किल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।वही स्कुल के शिक्षक जयशंकर प्रसाद ने बच्चों को घटना दुर्घटना में घायल होने और चोट लगने पर तुरंत मेडिकल फर्स्ट एड के बारे मे जानकारी दी।इधर एक अन्य कार्यक्रम मे स्कुल मे कक्षा बाल वाटिका से दूसरी तक के बच्चों के बीच अंग्रेजी कविता पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुआ। इस प्रतियोगिता का परिणाम बाद में प्रकाशित करने के बाद सफल बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल,आरआर दत्ता,आभा खन्ना,जयशंकर प्रसाद, आकांक्षा मिश्रा सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## दिव्यांग जांच सह सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी बीआरसी में षुक्रवार को दिव्यांग जांच सह सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया.झारखण्ड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में 65 बच्चों का जांच चिकित्सकों के द्वारा किया गया. जिसमें 25 बच्चों को चिन्हित किया गया. साथ ही शिविर में 23 दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का भी वितरण किया गया.मौके पर बीपीओ सर्वीनाथ चैरसिया ने कहा कि यह सहायक उपकरण निश्चित रूप से बच्चों के कार्य कुशलता में वृद्धि करने में सहायक होगा. बच्चों को उपकरण की उपयोगिता के लाभ से अवगत भी कराया. बच्चों को मिलने वाले उपकरणों मेंजिसमें व्हील चेयर, ट्राई साईकिल, श्रवण यंत्र, जूता शामिल है. शिविर को सफल बनाने में रिर्सोस शिक्षक मनोज कुमार, पुजा कुमारी, नीतीष कुमार सहित अन्य लोगों को सरहानीय योगदान रहा.

## सामु टोंगरी से कांवरिया जत्था बाबा धाम देवघर के लिए हुए रवाना

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चूरी दक्षिणी पंचायत के सामु टोंगरी से शुक्रवार को कांवरियों का एक जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ. बाबा धाम रवाना होने से पूर्व सभी कांवरियों ने खलारी पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना किया. जिसके बाद हर हर महादेव बोल बम के जयकारे लगाते हुए वाहन में सवार होकर सभी कांवरिया बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ. जाने वाले कांवरियों में कामेशवर पटेल, संजय मुंडा, मनोज यादव, राहुल मुंडा, मिथुन नायक, सुरेश महतो, पिंटू, सुर्जन मुंडा शामिल है.

# पेड़ लगाए जीवन बचाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** राजाडेरा हाई स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे अलग-अलग प्रजाति के करीब 50 से अधिक पौधा विद्यालय परिसर में लगाया गए, जैसे शीशम गुलमोहर, महोगनी, सिमर, कोनार, कदम,कटहल आदि पौधे शामिल है 7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाडेरा मुखिया सीमा देवी ने बच्चों के साथ पौधारोपण कर पेड़ बचाने का संकल्प लिया!

मौके पर महावीर महतो, रिजवान अंसारी, विद्यालय के प्रभारी आभा मैम, पूर्व मुखिया मोतीराम मुंडा, शिक्षिका तारा सुषमा लकड़ा, शीला सिंह,पद्मावती कुमारी,सालेन तिर्की, करुणा कुमारी,निभा कुमारी, रीता महतो, अंजू कुमारी, पल्लवी जोशी, तसिया नाग, श्वेता नायक, आशा देवी (अध्यक्ष),पारो देवी (संयोजिका) एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे!!

# शहीद जवानों के बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा : सकलदीप भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में शुक्रवार को विजय कारगिल दिवस पर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने इस दौरान कहा कि, आज के दिन भारत की सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था।देश के उन बलिदानियों को याद करना एक नई प्रेरणा देता है।वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा। उन्होंने आगे कहा की इस दिन ही कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 60 दिनों तक चले युद्ध का अंत हुआ था. भारत को इस युद्ध में जीत मिली थी. कारगिल युद्ध को हुए 25 साल हो चुके हैं. इस साल हम %विजय दिवस% की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. आज भी कारगिल में देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले वीर योद्धाओं की कुछ बातें रोम-रोम में देशभक्ति की लौ को प्रज्जवलित कर देती हैं।।मौके पर शिक्षिका सावित्री के साथ-साथ छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# 28 जुलाई को बुंडू में आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तारी देंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी से आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बुंडू प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष योगेशश्वर महतो की अगुवाई में मुलाकात ज्ञापन सौंपा जिसमें निवेदन करते हुए कहा गया है की बुंडू प्रखंड के आम जनता के हक एवं अधिकार की हनन पर अंकुश लगाने पर रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के विरुद्ध बुंडू बीएसओ रविन्द्र बड़ाईक के द्वारा फर्जी केस दर्ज कर गया है जिसके विरुद्ध आजसू पार्टी के तमाड़ विधानसभा के सैकड़ों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता 28 जुलाई दिन रविवार गिरफ्तारी देंगे।वहीं आजसू पार्टी के कार्यकताओं का कहना है कि सैकड़ों कार्यकर्ता बुंडू स्थित श्री श्री राधारानी मंदिर में इकट्ठे होंगे और जूलूस की शक्ल में बुंडू थाना पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे।

# सिस्टा के प्रतिनिधियों ने पिपरवार जीएम के साथ की परिचय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाइज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात कर परिचय बैठक किया।इस दौरान सिस्टा के प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया।इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने परिचय बैठक कर बारी-बारी से सिस्टा प्रतिनिधियों का परिचय कराया।इस बैठक के दौरान कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई।साथ ही सिस्टा प्रतिनिधियों ने कई मांगों को महाप्रबंधक के समक्ष प्रमुखता के साथ उठाया। इसके बाद महाप्रबंधक संजीव कुमार ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस मौके पर एरिया सचिव कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, बसंत कुमार, गणेश राम, रामजीत राम, अनिल कुमार, ललकु भुइयां, गंगा राम, लाकेश्वर लाल, कुल्लू राम, संतोष राम, जेम्स उराव, जागे भगत, सहदेव टाना भगत, ललिंदर कुमार, हिमाशु चटर, कृष्णा राम, बासुदेव गंझू, शिवनाथ राम, तपेश्वर भुइया सहित सिस्टा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के कई लोग मौजूद थे।

# नगर पंचायत के विभिन्न योजनाओं से संबंधित हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय खूँटी स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नगर पंचायत के विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती, हाउस होल्ड कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत आवास निर्माण एवं आवश्यकता अनुसार उपकरणों की खरीदारी के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई, उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पेयजल आपूर्ति को लेकर अतिरिक्त पंप भी इंस्टॉल किया जा रहा है, जिसके पश्चात पेयजल आपूर्ति में और भी सुधार होगा।

स्ट्रीट लाइट की समीक्षा के क्रम में कुछ स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पाए गए, जिसे लेकर उपायुक्त ने जिले में खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्लांट के अधिष्ठापन के विषय पर भी चर्चा कर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सिटी मैनेजर एवं एरिया मैनेजर को क्षेत्र भ्रमण कर नगर पंचायत के मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, सिटी मैनेजर, एरिया मैनेजर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर गुमला कुम्हारी पथ पर कुम्हारी ग्राम के विलीभर्स चर्च के पास से 15 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं0– JH0AR8702, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बसिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 330833 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D



**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर छारदा से भरनो आने वाले मार्ग पर ग्राम–मलगो के पास से 08 पीस तुंज बोटा सहित ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 330836 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

:–वन है,तो जीवन है–:



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय - कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण,(आत्मा) गुमला**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

**आम –सूचना**

**किसान समृद्धि योजना के तहत कृषकों से आवेदन पत्रों की मांग**

**योजना की विशेषतायें, नियम एवं शर्तेः–**

- यह योजना सौर ऊर्जा द्वारा संचालित पम्पसेट आधारित उद्वह सिंचाई योजना है।
- इस योजना के तहत 2 HP एवं 5 HP सौर पम्पसेट का वितरण 90% अनुदान पर किया जायेगा।
- इस योजना का लाभ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत/FPO/FPC/LAMPS/PASC के सदस्य को दिया जाना है।
- कृषक समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत/FPO/FPC/LAMPS/PASC का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य से होना चाहिए।
- आवेदन प्रखण्ड तकनीकी सूचना केन्द्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जमा किया जायेगा एवं आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदित होना चाहिए।
- प्राप्त आवेदन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल में ऑनलाईन किया जायेगा।
- गुमला जिले को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है। लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत लाभुकों की संख्या अधिक होने पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चयन किया जायेगा।
- लाभुक कृषक को Escrow Account खोलना होगा एवं 10% कृषक अंशदान Escrow Account में जमा करने के पश्चात् 90% अनुदान की राशि जमा की जायेगी।
- आपूर्ति/अधिष्ठापन की जाने वाली सोलर सिंचाई ईकाई में GPS System (पाँच वर्ष के रिचार्ज सहित) का अधिष्ठापन आपूतिकर्त्ता एजेंसी/ कंपनी को अनिवार्य रूप से करना होगा एवं अधिष्ठापित ईकाईयों की कम से कम 5 वर्षों तक रख–रखाव तथा मरम्मत की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्त्ता की होगी।
- योजना का लाभ एक व्यक्तिगत लाभुक की स्थिति में एक बार एवं समूह की स्थिति में कम से कम 5 वर्ष नहीं दिया जायेगा।
- आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं एक परिवार से एक ही सदस्य लाभुक होंगे। लाभुक का आधार लिंकड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
- इस योजना का लाभ बटाईदार किसान, कोई कृषक परिवार या किसान संवैधानिक पद राज्य/केन्द्र/ PCU/सरकारी स्वायन्त निकायों के सेवारत/सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, डॉक्टर, इंजीनियर CA, आर्किटेक्टस, वकील, सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय को छोड़कर) योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा।
- ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
- पूर्व में इस योजना के समानर्थी लाभान्वित किसान इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- आवेदन प्रपत्र www.atmagumla.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी के लिए – प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक, आत्मा, उप परियोजना निदेशक आत्मा से सम्पर्क करें।

PR 330828 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक,आत्मा, गुमला



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

# लोकतंत्र में बंदूक संस्कृति

**अमरीका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कातिलाना हमला किया गया। वह बाल-बाल बच गए। हमलावर को भी वहीं ढेर कर दिया गया। यह अमरीका ही नहीं, दुनिया के तमाम लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह किसी भी लोकतंत्र में हो सकता है। कोई भी अतिवाद या उग्रवाद ऐसे हमले के लिए उकसा सकता है। इस पर गहन चिंतन-मनन, आत्ममंथन किया जाना चाहिए। अमरीका लोकतंत्र की जननी है। उसका लोकतंत्र प्राचीनतम है, लेकिन वहां बंदूक भी गोली-बिस्कुट और मूंगफली की तरह उपलब्ध है। औसतन हर हाथ में बंदूक, रिवॉल्वर है। अमरीका आत्म-रक्षा की दलीलें देता रहा है, लेकिन लोकतंत्र के साथ-साथ बंदूक-संस्कृति भी जारी है, यह विरोधाभास कैसे ढोया जा रहा है? लोकतंत्र में यह हत्यारा विरोधाभास भी मौजूद रहेगा, जो आने वाले किसी भी पल में, किसी और को, निशाना बनाया जा सकता है! इस सांस्कृतिक, सामाजिक और बेचैन गिरावट और पतन का अमरीकी नेताओं, राजनीतिक दलों और नागरिकों को लगातार विरोध करना चाहिए। ट्रंप पूर्व राष्ट्रपति तो हैं। उनकी सुरक्षा-व्यवस्था मौजूदा राष्ट्रपति जितनी ही होती है। रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनाया है। चुनाव इसी नवंबर में होंगे, लिहाजा अमरीका में चुनावी मौसम छाया है। इस घटना की जांच कर रही एफबीआई का मानना है कि यह ट्रंप की हत्या करने का हमला था। हमले को लेकर कई सवाल सुरक्षा पर उठाए जा रहे हैं। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उन्हीं के आधार पर विश्लेषण किया जाना चाहिए, ऐसा हमारा मानना है। बहरहाल जिस 20 साल के नौजवान ने 120 मीटर से निशाना साध कर हमला किया, वह भी रिपब्लिकन पार्टी का सदस्य था और ट्रंप को 'गलत' मानता था। लोकतंत्र में आम नागरिक वोट के जरिए अपना अभिमत प्रकट कर सकता है और यही उसका बुनियादी अधिकार है, लेकिन अमरीका में लोकतंत्र के साथ राजनीतिक हिंसा का भी संबंध रहा है। राजनीति के अलावा, सामाजिक, मानसिक और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण भी हिंसात्मक रहे हैं, नतीजतन स्कूलों, बाजारों, सभा-कक्षों अथवा किसी समारोह के दौरान भी गोलीबारी चलाई जाती रही है। मौतें होती रही हैं। लोग बुरी तरह जख्मी भी होते रहे हैं। हमलावर की प्रवृत्तियों को मनोवैज्ञानिक अस्थिरता के आवरण में छिपाया जाता रहा है। अमरीका में पूर्व राष्ट्रपति को निशाना बनाया गया है, ऐसे हमले अभूतपूर्व नहीं हैं। अमरीका में चार पदासीन राष्ट्रपतियों-अब्राहम लिंकन, जेम्स गारफील्ड, विलियम मैककिनले, जॉन एफ. कैनेडी-की हत्या तक की जा चुकी है। पांच राष्ट्रपतियों-बिल क्लिंटन, रोनाल्ड रीगन, जेराल्ड फोर्ड, फ्रेंकलिन रुजवेल्ट, थियोडोर रुजवेल्ट-पर भी हमले किए जा चुके हैं। यह कैसा लोकतंत्र और 'दुनिया का दादा' देश है, जो दुनिया को लोकतंत्र और मानवाधिकारों के ज्ञान बांटता रहता है, लेकिन जहां 'बंदूक-संस्कृति' बिल्कुल सामान्य है। बंदूक बनाने वाले उद्योगपति इतने ताकतवर हैं कि न तो राष्ट्रपति बाइडेन कोई निर्णय ले पाए और न ही ट्रंप और उनकी पार्टी की सोच बंदूक-विरोधी है। जनवरी 6, 2021 की चेतावनी अमरीका कैसे भूल सकता है, जब ट्रंप-समर्थक भीड़ ने 'यूएस कैपिटल' (यूएस कांग्रेस) पर हमला किया था और अंदर घुस गई थी। उस पर क्या कानूनी कार्रवाई की गई, आज तक स्पष्ट नहीं है। वह अमरीकी लोकतंत्र और संसद पर सबसे भीषण प्रहार था। लोकतंत्र में भीड़ इतनी हिंसात्मक कैसे हो गई, जबकि उसके मानवाधिकार सुरक्षित हैं? हाल ही में अमरीका में 'राजनीतिक हिंसा' पर एक जनमत किया गया। आश्चर्य है कि 10 फीसदी लोगों ने जवाब ट्रंप के खिलाफ दिया कि ऐसे नेताओं को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए ऐसा ही बल इस्तेमाल करना न्यायसंगत है। यह भी लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन हिंसा न हो। बहरहाल अमरीका में ही नहीं, दुनिया के देशों में लोकतंत्र को जिंदा रखना है, तो चुनाव प्रचार का तरीका भी सभ्य होना चाहिए।

हमलावर को भी वहीं ढेर कर दिया गया। यह अमरीका ही नहीं, दुनिया के तमाम लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह किसी भी लोकतंत्र में हो सकता है। कोई भी अतिवाद या उग्रवाद ऐसे हमले के लिए उकसा सकता है। इस पर गहन चिंतन-मनन, आत्ममंथन किया जाना चाहिए। अमरीका लोकतंत्र की जननी है। उसका लोकतंत्र प्राचीनतम है, लेकिन वहां बंदूक भी गोली-बिस्कुट और मूंगफली की तरह उपलब्ध है। औसतन हर हाथ में बंदूक, रिवॉल्वर है। अमरीका आत्म-रक्षा की दलीलें देता रहा है, लेकिन लोकतंत्र के साथ-साथ बंदूक-संस्कृति भी जारी है, यह विरोधाभास कैसे ढोया जा रहा है? लोकतंत्र में यह हत्यारा विरोधाभास भी मौजूद रहेगा, जो आने वाले किसी भी पल में, किसी और को, निशाना बनाया जा सकता है! इस सांस्कृतिक, सामाजिक और बेचैन गिरावट और पतन का अमरीकी नेताओं, राजनीतिक दलों और नागरिकों को लगातार विरोध करना चाहिए। ट्रंप पूर्व राष्ट्रपति तो हैं। उनकी सुरक्षा-व्यवस्था मौजूदा राष्ट्रपति जितनी ही होती है। रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनाया है। चुनाव इसी नवंबर में होंगे, लिहाजा अमरीका में चुनावी मौसम छाया है। इस घटना की जांच कर रही एफबीआई का मानना है कि यह ट्रंप की हत्या करने का हमला था।

### कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया

# कमी के समय कीमतों में कमी लाये सरकारी बफर स्टॉक

प्रियंका सौरभ

भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है। बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान।

**बफर** स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के दौरान शुरू किए गए, वे खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है। बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान। जलवायु-संचालित मूल्य अस्थिरता में वृद्धि – जो अंततः न तो उपभोक्ताओं और न ही उत्पादकों की मदद करती है – केवल खाद्य बफर नीति के मामले को मजबूत करती है।

आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कमी की अवधि के दौरान बफर स्टॉक जारी किया जाता है, जिससे उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए: 2019 में प्याज की कीमत में उछाल के दौरान, भारत सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने, कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्याज सस्ती बनी रहे। बफर स्टॉक बनाए रखने से सरकार आपूर्ति की कमी के दौरान कीमतों में भारी वृद्धि को रोक सकती है, जिससे बाजार की मांग संतुलित रहती है। उदाहरण के लिए: 2020 में, सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के लिए बफर स्टॉक से दालें जारी कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उत्पादन में कमी के बावजूद दालें उपलब्ध और सस्ती बनी रहें।

बफर स्टॉक बाजार में आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को विनियमित करके अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को सुचारू बनाने में मदद करते हैं। बफर स्टॉक कमी के दौरान बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रास्फीति को कम करते हैं, जिससे कीमतों में



अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए: 2021 में गेहूं और चावल के स्टॉक को जारी करने से भारत में बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मुख्य अनाज उपभोक्ताओं के लिए किफ़ायती रहे. बफर स्टॉक स्थिर बाजार सुनिश्चित करके, अधिक आपूर्ति के कारण कीमतों में गिरावट को रोककर और मूल्य स्थिरता प्रदान करके किसानों की सहायता करते हैं। उदाहरण के लिए: सरकार ने अतिरिक्त दूध खरीदा और किसानों के लिए दूध की कीमतों को स्थिर करने के लिए इसे स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) में बदल दिया, जिससे अधिक आपूर्ति के कारण वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।

बफर स्टॉक आवश्यक खाद्य पदार्थों तक निरंतर पहुँच सुनिश्चित करते हैं, जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए महामारी के दौरान, गरीबों के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, भूख को रोकने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया था। बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करके और बाजार संतुलन बनाए रखकर आर्थिक झटकों को रोकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। उदाहरण के लिए: महाराष्ट्र में 2018 के सूखे के दौरान बफर स्टॉक जारी करने से कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में मदद मिली, जिससे क्षेत्र में आर्थिक संकट को रोका जा सका।

बफर स्टॉक जलवायु-प्रेरित आपूर्ति झटकों के कारण खाद्य उपलब्धता पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करते हैं, जिससे जलवायु लचीलापन बढ़ता है। अधिशेष वर्षों के दौरान अतिरिक्त उपज की खरीद करके, बफर स्टॉक किसानों को एक स्थिर बाजार और उचित मूल्य प्रदान करता है, जिससे ग्रामीण आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। बफर स्टॉक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हैं, जो कमज़ोर आबादी का समर्थन करके और सामाजिक स्थिरता बनाए रखकर आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए: प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) ने कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों को भोजन वितरित करने के लिए बफर स्टॉक पर भरोसा किया, जिससे भूख और अभाव को रोककर आर्थिक और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित हुई। चूंकि भारत जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती अस्थिरता और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार द्वारा नियंत्रित बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके, मुद्रास्फीति को कम करके और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करके, ये बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा और आर्थिक लचीलापन बढ़ाएंगे, सतत विकास को बढ़ावा देंगे और भविष्य में एक स्थिर आर्थिक वातावरण को बढ़ावा देंगे। चावल और गेहूं जैसी पारंपरिक वस्तुओं से परे बफर स्टॉक में विविधता लाने की आवश्यकता है ताकि तिलहन, सब्जियां और दूध पाउडर जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यापक रेंज को शामिल किया जा सके। इस विस्तार से विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य वृद्धि और आपूर्ति झटकों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। अधिशेष उत्पादन के वर्षों के दौरान खरीद रणनीतियों में सुधार करना महत्वपूर्ण है।

दृष्टि कोण

# सतत विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण

**भारत** में जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास दशकों से चल रहे है। सरकार द्वारा संचालित अभियान के देश ने दो स्वरूप देखे है। आपात काल के दौरान जनसंख्या नियंत्रण नीति जोर जबरदस्ती पर आधारित थी। लेकिन आपात काल की समाप्ति के बाद इसको नकार दिया गया। शेष अवधि में प्रचार व सहायता के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण का अभियान चलाया गया। लेकिन इसका भी पर्याप्त लाभ नहीं हुआ। जाहिर है कि यह विषय दशकों पुराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस विषय को उठाया था। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इस संबन्ध में एक मसौदा लेकर आईं है। जनसंख्या नियंत्रण के दोनों स्वरूपों की विफलता सामने है। इसलिए नए रास्ते की तलाश का प्रयास किया जा रहा है। अर्थात यह विषय पुराना है, लेकिन समाधान का तरीका अवश्य नया है। आपात काल के दौरान ही ब्यालीसवां संविधान संशोधन पारित किया गया था। इसके द्वारा समवता सूची में जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन विषय जोड़ा गया था। ऐसे में वेंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा इससे संबंधित अधिनियम बनाना असंवैधानिक नहीं हो सकता। करीब दो दशक पहले भी सविधान समीक्षा आयोग ने वेंद्र सरकार को इससे संबंधित निर्देश दिया था। कहा गया कि वह जनसंख्या नियंत्रण संबंधी कानून बनाएं। इस समय दर्ज याचिका में सविधान समीक्षा योग की सिफारिशों को लागू करने की बात कही गईं है। जनसंख्या नियंत्रण का संबन्ध विकास व संसाधनों से भी जुड़ा है। संसाधनों की भी एक सीमा होती है। जनसंख्या व संसाधनों के बीच एक संतुलन होना चाहिए। अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि से संसाधनों का अभाव होने लगता है। सबसे पहले इसका प्रतिवूल प्रभाव गरीबों पर पड़ता है। जिस वस्तु का अभाव होता है, उसकी कीमत बढ़ जाती है। धनी वर्ग उनको खरीद सकता है। जबकि गरीबों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। जनसंख्या की अनियंत्रित वृद्धि विकास में बाधक भी साबित हो सकती है। इससे संसाधनों पर दवाब बढ़ता है। लोगों के जीवन स्तर में कमी आती है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिता का विषय है। भारत के पास विश्व मात्र दो प्रतिशत भूभाग है। जबकि यहां पर विश्व की बीस प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। भारत की जनसंख्या वर्तमान में एक सौ पैंतीस करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार अगले वुछ वर्षो में चीन भी भारत से पीछे हो जाएगा। जनसंख्या के मामले में भारत सबसे बड़ा देश हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए विधि आयोग के परामर्श से जो कदम उठाए हैं। जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुरूप संसाधनों की व्यवस्था संभव ही नहीं है। राजनीतिक दल चाहे जो दावा करें, वह संसाधनों का सृजन नहीं कर सकते। जो लोग जनसंख्या नियंत्रण का विरोध करते है, उन्हें संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता के संबन्ध में भी विचार व्यत्त करना चाहिए। जनसंख्या का स्थिरीकरण होना अपरिहार्य है। उन्नीस सौ इक्यानबे से इक्यावन के बीच उत्तर प्रदेश की आबादी एक सौ बीस प्रतिशत बढ़ी थी। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुईं है। तब प्रदेश की आबादी तेरह करोड़ थी। अब यह बढ़कर पच्चीस करोड़ से अधिक हो गईं है। यह माना गया कि बढ़ती जनसंख्या से विकास व संसाधनों से संबंधित अनेक प्रकार की समस्याएं उतपन्न हो रही हैं। इस आधार पर समाज में दो वर्ग है। एक वर्ग ने स्वेच्छा से जनसंख्या नियंत्रण को स्वीकार किया है। यह उनका समाज व देश के प्रति सहयोग भी है। दूसरे वर्ग ने जनसंख्या नियंत्रण को स्वीकार नहीं किया है। इस कारण संसाधनों पर दबाब बढ़ रहा है। सहयोग करने वालों को प्रोत्साहन देना चाहिए। जबकि ऐसा ना करने वालों को उन्हीं सीमित संसाधनों से सुविधा प्रदान करते रहने का औचित्य नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण परिवार नियोजन से अलग है। सरकारी संसाधन और सुविधाएं उन लोगों को उपलब्ध हो जो जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश जनसंख्या की नईं नीति का विमोचन किया। इस नईं नीति में जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग करने वालों को प्रोत्साहन देने का प्रावधान हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या समाज में व्याप्त असमानता समेत प्रमुख समस्याओं का मूल है। समुन्नत समाज की स्थापना के लिए जनसंख्या नियंत्रण प्राथमिक शर्त है। इस विश्व जनसंख्या दिवस पर बढ़ती जनसंख्या से बढ़ती समस्याओं के प्रति स्वयं व समाज को जागरूक करने का प्रण लेना चाहिए। नईं नीति में जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जागरूकता प्रयासों के ाम में स्वूलों में हेल्थ क्लब बनाये जाने का अभिनव प्रस्ताव है। डिजिटल हेल्थ मिशन की भावनाओं के अनुरूप नवजातों, किशोरों और वृद्धजनों की डिजिटल ट्रैकिग की व्यवस्था की भी बात है। सभी समुदायों में जन सांख्यकीय संतुलन बनाये रखने, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की सहज उपलब्धता, समुचित पोषण पर भी जोर दिया गया। इसे राज्य विधि आयोग ने तैयार किया है। दो ही बच्चे अच्छे का वर्षो पुराने नारे का भाव भी है। जिनके दो ही बच्चे है, उन्हें प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सफलता के लिए खुद को करें तैयार : विवेक प्रधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को बैंकिंग और मार्केटिंग कौशल विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में सीनियर क्लास के विद्यार्थी शामिल हुए।सेमिनार में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्केटिंग और बैंकिंग कौशल पर चर्चा की गई।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आज के वक्त में मार्केटिंग और बैंकिंग बड़े क्षेत्र में शुमार है। इसमें करियर की व्यापक संभावनाएं होती है। लेकिन इस क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने मार्केटिंग कौशल पर कहा कि इस फील्ड में बेहतर करने के लिए ग्राहकों से जुड़ाव, उत्पाद की बेहतर प्रस्तुति, प्राप्त आपत्तियों पर सुधार, ग्राहक वर्ग की पहचान, बाजार का अनुसंधान, कम्युनिकेशन स्किल जैसे बिंदुओं पर एक्सपर्ट बनना होगा। इसी प्रकार बैंकिंग कौशल में भी व्यवहारिक ज्ञान, निर्णय लेने की क्षमता, जोखिम प्रबंधन, टीमवर्क के मामले में दक्ष होना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी चुनौतियों को हमेशा अवसर के रूप में देखें। अपने अंदर हमेशा अच्छी आदतों को विकसित करें। अंकित विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए उस क्षेत्र का संपूर्ण ज्ञान और अभ्यास आवश्यक होता है। हम विद्यार्थी जीवन में ही अपने लक्ष्य को तय कर उसकी तैयारी शुरू कर दें। सफलता के लिए फोकस, मजबूत निर्णय और विनम्रता का भाव जरूरी है।सेमिनार में विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार अपने करियर का उल्लेख करते हुए कई प्रश्नों का जवाब प्राप्त किया।इस अवसर पर शिक्षक कुमुल कुमार, रितिका, सूरज सिंह उपस्थित थे।

## वायु प्रदूषण के कारण घर में धूल जम जाती है, नदी-नाले सभी प्रदूषित हो गये हैं, खेती भी प्रभावित हो गयी है, उत्पादन नहीं हो पा रहा है: सुजीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** काँग्रेस पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रेस बयान जारी कर कहां की पतरातू इंडस्ट्रियल एरिया में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड फैक्ट्री द्वारा प्लांट के विस्तारीकरण हेतु ग्रामीणो से प्रदूषण नियंत्रण की स्वीकृति अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए ग्रामीणो को बिना सूचित किए हुए बिना इश्तेहार के चंद दलाल किस्म के चुने हुए जन प्रतिनिधियों और अपने भाडे पर बुलाए गए लोगों के बीच प्रदुषण अनापत्ति प्रमाण पत्र बनाने कि असफल प्रयास फैक्ट्री कैंपस में आयोजित बैठक में की गई है।ग्राम सभा के दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष फैक्ट्री गेट पर उपस्थित होकर ग्राम सभा का विरोध किया तथा प्रदूषण को लेकर अपनी मांगों के साथ नाराजगी आक्रोश व्यक्त किया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अल्ट्राटेक के वर्तमान उत्पादन से इतना



वायु प्रदूषण फैलाया जाता है कि ग्रामीणों के घर में डस्ट जम जाती है नदी नाले सब प्रदूषित हो चुके हैं,खेत खेती भी प्रभावित हो चुकी है उत्पादन नहीं हो पा रहा हैक्लोगों को बीमारियां हो रही है लोग मर रहे हैं ऐसे में सीमेंट फैक्ट्री को 9 गुनाक्षमता बढ़ाना इस क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ अन्याय होगा इसके विस्तार कि स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए।तथा लोगों ने जिला प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मांग है कि की ग्राम सभा को निरस्त रद्द किया जाए तथा अगली ग्राम सभा पंचायत के सचिवालय या संबंधित गांव में निष्पक्ष तरीके से कराई जाए।

## आशीर्वाद आउटसोर्सिंग में विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जाएगा : जुरा सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के भुरकुंडवा फुटबॉल ग्राउंड में शुक्रवार को रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी परियोजना की बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता शाखा अध्यक्षता जूरा सोरेन व संचालन शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम ने किया। इस बैठक में भुरकुंडवा ,रस्काटोला, बरटोला, गंधौनिया, कर्माटिल्हा, डेडका, टोला, गेराटोला ,मुर्गाटोला, जोजो टोला, पोटंगा एवं असवा तिलैया के ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर शाखा अध्यक्ष जूरा सोरेन ने कहा कि उरीमारी में खुली नई आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी में उपरोक्त सभी टोला के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को मोर्चा के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जाएगा। कंपनी चलेगी तभी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसलिए हमलोगों को आशीर्वाद कंपनी का सहयोग करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उरीमारी हेसाबेड़ा के विस्थापितों को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। वहीं इस मौके पर पोटंगा पंचायत उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, राजकुमार हेम्ब्रोम, साहेबराम बेसरा,नरेश हंसदा, नरेश बेसरा, सुनील करमाली, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन, आनंद बेसरा, सुखराम बेसरा,विजय टुडू, प्रदीप बेसरा, अनिल बेसरा, संजय हेम्ब्रोम, अजय करमाली, अजय मरांडी, जयपाल सोरेन, अविनाश सोरेन, बहालाल बेसरा सहित कई सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## डीएवी बरकाकाना में कारगिल के शहीदों को किया गया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में कारगिल में शहीद हुए सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर जवान ज्योति पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर नवम् कक्षा की कोमल ने मंच संचालन किया, जबकि नवम् के आदित्य राय ने अपने विचार व्यक्त किए। आकांक्षा कुमारी ने कारगिल दिवस पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की।डीएवी के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत एकांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी उपस्थित जनों के हृदयों को छू लिया। बच्चों द्वारा 'तेरी मिट्टी' समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिसने समां बांध दिया।विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में देशप्रेम की भावना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिन जवानों के त्याग के कारण हम चैन से रह रहे हैं, उनके प्रति हमें कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।इस समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सबने मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया। इस अवसर पर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने देशभक्ति की भावना को प्रबल किया और सभी को प्रेरित किया।

## कारगिल वीरों के सम्मान में निकाला गया मसाल जुलूस

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ जिला के तत्वधान में कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या को तिरंगों के साथ निकाला गया मशाल जुलूस । यह मशाल जुलूस रामगढ़ गांधी चौक से होते हुए रामगढ़ सुभाष चौक पहुंचकर कारगिल वीरो को श्रद्धांजलि देकर अपने वीर शहीदों को याद कर दीप प्रज्ज्वलित की गई एवं कार्यक्रम का समापन पूर्व सैनिक रंजन फौजी, फिजबिहारी सिंह यादव, रामटहल महतो, दिनेश कुमार यादव, अरविंद यादव को अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभितेश सिंह एवं संचालन महामंत्री राजेश सोनी ने किया । कार्यक्रम में प्रभारी रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश मंत्री पूजा सिंह उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी महामंत्री छोटन सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रहलाद पांडे नीरज सिंह अंजू ठाकुर युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री संजय अग्रवाल धीरेंद्र साव त्रिलोकी गिरी राहुल सिंह पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश ठाकुर भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह शीतल सिंह रामगढ़ कैन्ट मंडल अध्यक्ष तरुण साव राजू रंजन आईटी सेल प्रवीण सोनू सुमित कुमार शशि शेखर सिंह राकेश सिंह आकाश गुप्ता मनीष कुमार मनोज कुमार आनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## भारतीय सेना की वीरता, शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है कारगिल विजय दिवस : उमेश प्रसाद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण करके किया।इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही गौरवशाली एवं महत्वपूर्ण दिन है।आज ही के दिन भारत ने पाकिस्तान को पराजित किया था।भारत और पाकिस्तान के बीच यह युद्ध 1999 में कारगिल मे हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ।कारगिल विजय दिवस सेना के वीर जवानों के शौर्य के अटूट संकल्प का प्रतीक है। कारगिल के युद्ध में वीर जवानों ने हिमालय की दुर्गम पहाड़ियों में पराक्रम की पराकाष्ठा का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर किया और कारगिल में पुनः तिरंगा लहराकर देश को गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश कुमार खन्ना,बचूलाल तिवारी,राकेश सहाय,अनिल कुमार,अक्षय सिंह,दिलीप सिंह,सत्येन्द्र मिश्रा,दुर्गा प्रसाद,अमरदीप नाथ शाहदेव,शशि कान्त,इंद्रजीत सिंह,रेखा पतःक,गायत्री पाठक, रिंकी कुमारी,ललिता गिरी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी में ईलाजरत कांग्रेसी कार्यकर्ता से पूर्व विधायक ममता देवी ने की मुलाकात

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला के मुरी स्थित सिंगपुर नर्सिंग होम में ईलाजरत कांग्रेसी कार्यकर्ता सोसो कलां निवासी तसलीम अंसारी से देर शाम रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ममता देवी अपने अन्य समर्थकों के साथ अस्पताल मिलने पहुंची। उन्होंने उनकी हालचाल की जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की साथ ही अस्पताल में कई अन्य मरीजों से मिलते हुए वहां के चिकित्सक डॉक्टर रमनेश प्रसाद से मिलकर बातचीत करते हुए बेहतर ईलाज की बात कही। इस संबंध में बताया गया कि तसलीम अंसारी का तबियत खराब हो गया था जिसके चिकित्सा के लिए यहां एडमिट किया गया था।मौके पर मनोज कोटवार, इंदु देवी, सविता देवी, मोहम्मद मुशर्रफ अंसारी, सरफु अंसारी, हेदायतुल्ला अंसारी, किरण देवी, मुख्तार अंसारी, मरियम खातून आदि कई लोग मौजूद थे।



# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की एक एक कर सुनी समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जनता दरबार में जिले के ग्राम नोनगांव, पंचायत नोनगांव, थाना पत्थलगडा, जिला चतरा के रहने वले ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि हमलोग के मुहल्ला में 15-20 घर के परिवार रहते है। मुहल्ला में सरकारी चापानल नहीं रहने के कारण 01 किलोमिटर दूरी तय कर पीने का पानी लाने जाना पड़ता है। आगे आवेदक ने एक सरकारी चापानल लगवाने का अनुरोध किया। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ




आवास, सड़क, शिक्षा, राजस्व से संबंधित, पेयजलापूर्ति धान का बकाया पैसा भुगतान से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है।उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन किया जाता है।

# असाढ़ी पूजा हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव के दुर्गा मंडप परिसर में असाढ़ी पूजा धूमधाम से शुक्रवार को किया गया। यह पूजा समाजसेवी राजकुमार दांगी लिलो यादव लक्ष्मी पांडेय बुधन साव के नेतृत्व में सामूहिक रूप से किया गया। इस पूजा में मुख्य रूप से भगत राजकुमार दांगी एवं मनोज दांगी दोनों को नीम के पत्ता ढोल से भरवाया गया। जहां गांव के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस पूजा में लगभग 200 बकरा का बाली दिया गया । गांव के ग्रामीणों का मानना है कि इस पूजा को करने से गांव के लोग खुशहाल रहते हैं। गांव में किसी तरह का अनहोनी नहीं होती है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती उप मुखिया विकास कुमार पांडे समाजसेवी सुनील कुमार महतो गणेश ठाकुर रामजीवन कुमार साहू बोध यादव रामकृष्ण पासवान प्रसादी पासवान रामाशीष यादव गोविंद दांगी देवकुमार साव रधु दांगी तीरथ साहब खिरोधर यादव विनोद साव जगदीश साव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वन पट्टा समिति गठित को लेकर हुई बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव में शुक्रवार को वन अधिकार समिति (वन पट्टा) को लेकर मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में एक वन अधिकार समिति का गठन किया गया। इस दौरान 17 सदस्य का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष धनेश्वर भुइयां को सचिव तोखलाल साहू को सर्वसमति से चुनाव किया गया। और बताया गया कि 1970 से पहले जो भी जमीन जोत कोड कर रहे हैं। उसे वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी उप मुखिया विकास कुमार पांडे मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती प्रसादी पासवान परमेश्वर रविदास सदस्य रामशीष यादव मुकेश कुमार दांगी विनोद पासवान कर्मधारी रजक रंजीत यादव मनोज साहू धनेश्वर भैया ममता देवी तारा देवी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में उदल राम ने सीओ का पदभार ग्रहण किया





**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में अंचला अधिकारी के रूप में प्रभार सीओ राहुल देव ने दिलाया उदल राम को 26 वां सीओ के रुप में पदभार। वहीं प्रभार सीओ राहुल देव ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही इस मौके पर प्रेस क्लब चतरा के कार्यकारिणी सदस्य सह छ्छ्छ के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार श्रीकांत राणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष पत्रकार मृत्युंजय कुमार,पत्रकार संघ के उप सचिव पत्रकार कैलाश दांगी, संजय राणा, कर्मचारी दिनेश्वर दास ने गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। श्री राम ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यो को प्रखंड तक लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में 15 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कुश्ती प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में आयोजित 15 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी ध्यान देना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। इस दौरान खेल शिक्षक ने पटना संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता की रुपरेखा के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि झारखंड, बिहार और बंगाल के स्कूलों से आए विभिन्न नवोदय विद्यालय के प्रतिभागियों के बीच दो दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालय के प्रांगण में प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया है।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अबुआ आवास को लेकर की गई ग्राम सभा, कोटिवार लिस्ट की गई जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** जिला उपायुक्त दंडाधिकारी चतरा के निर्देशा अनुसार प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का की गई आयोजन जिसकी अध्यक्षता सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी के द्वारा की गई। वहीं संचालन सिंघानी पंचायत सचिव राकेश कुमार नें किया। मौके पर सिंघानी पंचायत समिति मीना कुमारी, सिंघानी पंचायत सेवक श्वेता कूमारी शामिल थे। ग्राम सभा में अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों को सिंघानी पंचायत सचिव राकेश कुमार ने बताया कि अबुआ आवास वैसे लाभुकों को दिया



जाएगा जिसका कच्चा मकान हो, वहीं पक्का मकान एवं फोर व्हीलर वाहन वाले लाभूको को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल पाएगा। अगर जांच के क्रम में गलत पाए जाते है तो वैसे लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा। वही सिंघानी पंचायत में अबुआ आवास का कोटिवार लिस्ट जारी भी किया गया। जिसमे एसटी + एससी का कोटा 55, ओबीसी कोटा 76, जेनरल कोटा 2, माइनॉरिटी 1 कुल सिंघानी पंचायत में 134 लिस्ट है। वही मौके पर उपस्थित सिंघानी पंचायत के उप मुखिया पूनम देवी, बीटीएम राजीव रमन वार्ड सदस्य रूबी कुमारी, राजेश कुमार, इसराइल अंसारी तथा अन्य वार्ड सदस्य एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी में गुरुवार की रात एक सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। जवान आशीष कुमार उत्तर प्रदेश राज्य के संत रविदास नगर जिला स्थित भदोई गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलने के बाद चतरा पुलिस और सीआरपीएफ के वरिय अधिकारी सीआरपीएफ कैंप पहुंचे और घटना की गहनता से जांच पड़ताल की। उन्होंने घटनास्थल को सील कर दिया और उधर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतक जवान के शव को एंबुलेंस से अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है। कैंप के पोस्ट कमांडर देवेंद्र नाथ यादव ने बताया कि कैंप के अधिकांश जवान देवघर मेला ड्यूटी पर गए हुए हैं। ऐसे में यहां जवानों की संख्या कुछ कम है। मृतक जवान कुछ दिनों से अवसाद ग्रस्त था और उदास रह रहा था। बीती रात वह रात्रि प्रहरी के रूप में तैनात था। देर रात अचानक उसने अपने आप को गोली मार ली। घटना के बाद से कैंप में सन्नाटा पसरा हुआ है। जवान कुछ भी बताने में असमर्थ हैं। इस दुखद घटना से सीआरपीएफ और पुलिस प्रशासन में शोक की लहर है।

# पुर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मनाया गया कारगिल विजय दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के डाड़ी स्कूल चौक समीप पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन चतरा इकाई द्वारा 25 वां कारगिल विजय दिवस डाड़ी चौक में बने शहीद राजेश साहा स्मारक के समक्ष मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया साथ हीं दो मिनट का मौन रखा गया, शहीद राजेश साहा के पिता शिवनारायण साव को जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा एवं मुख्य अतिथि प्रेमचंद प्रसाद द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सदस्यों द्वारा देश में सेना का योगदान व कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डाला। आपको बता दें की 25 मई 1999 को पाकिस्तान ने काश्मीर के टाइगर हिल पहाड़ी पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना व पाकिस्तान सेना के बीच 60 दिन घमासान युद्ध चला अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत ने विजय का झंडा गाड़ दिया। इस युद्ध में 562 भारतीय सैनिक शहीद हुवे थे और पाकिस्तान के 600 सैनिक मारे गए थे।इन्हीं सुर वीरों के याद मे ये विजय दिवस मनाया जाता है।

# जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मैरी मड़की ने मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्वाचन से संबंधित कार्यो की गति देने को लेकर बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे बताया गया कि एक जुलाई 2024 को आहर्ता मानते हुए जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है वैसे युवक युवती को मतदाता सूची मे नाम जोड़ने के लिए फॉर्म संख्या 6 भरने का निर्देशित करे। अगर किसी मतदाता का निधन हो गया है उसे मतदाता सूची मे मार्किंग करते हुए फॉर्म संख्या 7 मे भरकर नाम हटाने को कहा गया है। सभी बीएलओ को डूर टू डोर जाकर सर्वे करने को कहा गया। वही नाम, पता, जन्म तिथि एव अन्य गलतियों को सुधारने के लिए फॉर्म संख्या 8 भरने को कहा गया। बैठक मे सुरवाईजर एव सभी बीएलओ उपस्थित थे।

# शहीद राजेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपाइयों ने मनाया कारगिल विजय दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा शहीद चौक स्थित वीर शहीद राजेश दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों एवम् भाजपाइयों ने 26 जुलाई को मनाया कारगिल विजय दिवस। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद राजेश के पिता नरेश दास उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद राजेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वहीं कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे एवं भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने योद्धाओं की वीर गाथा को बताया। साथ ही देश की सुरक्षा में सीमा पर तैनात वीर सपूतों के शौर्य एवं पराक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा जिला पूर्व सैनिक परकोष्ठ के संयोजक सह पूर्व सैनिक मिथलेश कुमार पांडे, पूर्व सैनिक परकोष्ठ चतरा जिला सह भाजपा संयोजक बिनय सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, प्रदेश कार्यकारनी सदस्य अक्षयबट पांडे, प्रखंड अध्यक्ष संजीव पांडे, कोयद मुखिया सह अनुसुचित जाति प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, रामचंद्र गुप्ता, अभिषेक राज, प्रकाश यादव, भाजपा नेता बैजयनाथ पांडे, सरोज पांडे, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता एवम् सोपारम गांव के संजय दास, आदित पांडे, सन्तन दास समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## लक्ष्मी देवी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के पतरातू निवासी लक्ष्मी देवी पति स्व आदित्य साव 110 वर्ष कि गुरुवार की शाम तकरीबन 7:30 बजे अपने निजी आवास में निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह 9बजे अंतिम दाह संस्कार किया गया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही आसपास गांव के सैकड़ों लोग उनको देखने के लिए उनके आवास पहुंचे। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज के हित में कार्य की है। पुत्र तुलसी साव ने कहा कि मेरी मां काफी दयालू थी और अपने जीवन काल में कई लोगों के दुख सुख में साथ देने का काम की है। आज हमारे बीच नहीं है।उनकी कमी हमेशा हम लोगों को खलेगी। उनके नेक कार्य का फल है कि सावन माह के पावन अवसर पर उनकी मौत हुई है ।वही अंतिम दाह संस्कार में विरेन्द्र प्रसाद, शंकर साव ददन साव विजय प्रसाद समेत कई सामाजिक नेता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने नम्न आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की, एवं परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया।

# बीडीओ मनीष कुमार के स्थानांतरण पदस्थापन रुकने से कहीं मायूसी है तो कहीं खुशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** वह कहावत इस समय खूब मयूरहंड में चरितार्थ हो रहा है जाको राखे साईया मार सके न कोय, इससे जुड़ी कविता की पंक्तियां एक झलक में, चाहे लहरें उठने लगे दर्द के दरिया से, काहे डरता है तू अब इस दुनिया से, तू बन जा रे वो ढाल प्रहार सके ना कोय, लगा दे तू रे आग हूंकार सके ना कोय, सच्चे राह पर चलनेवाले की हार कभी ना होय, जाको राखे साईया मार सके ना कोय, दरअसल यह वाक्य इसलिए लिखना पड़ रहा है कि बीते दिन राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों का तबादला किया था लेकिन अब यह तबादला चुनाव कार्य को देखते हुए अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। वैसे स्थानांतरण पदस्थापन कब तक फाइलों में गुम रहेगा यह कहना जल्दबाजी होगा लेकिन मयूरहंड प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार के तबादले से प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ पड़ा था कई लोगों के



चेहरे गुलाब की तरह खिल उठे थे लेकिन जैसे ही स्थानांतरण स्थानांतरण पदस्थापन स्थगित किया गया टूटे हुए फूलों की तरह मुरझा गए। तो वहीं हजारों हजार ऐसे भी लोग हैं जिनके चेहरे गुलाब की तरह फिर से एक बार खिल चुके हैं।नाम नहीं छापने के शर्त पर दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र संवाददाता जयशंकर प्रसाद वर्मा से बातचीत करते हुए कुछ लोगों ने कहा कि जबसे मनीष कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया है उसके बाद से लगातार गरीबों का काम हो रहा है और वह भी बगैर चप्पल घिसे, यही बात कुछ लोगों को पच नहीं पा रहा है और प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार के कार्य से दुखी हैं उनका दकियानुसी विचार का दुकान बंद हो चुका है। बिचौलियागिरी का दरवाजा बंद हो चुका है ऐसे में कुछ तो नाराज होंगे ही लेकिन हम गरीबों को इससे कोई लेना-देना नहीं है हम सभी गरीबों की दुआएं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ है। ज्ञात हो कि वृद्धावस्था पेंशन अबुआ आवास या अन्य कोई भी कार्य आम लोगों का रहा इनके रहते फाइलों में लटकाने के बजाय त्वरित दिशा में आगे बढ़ता गया ।यही वजह है कि यहां के गरीब तबके के लोग खुश दिखाई दे रहे हैं लेकिन जो लगातार प्रखंड कार्यालय आना जाना करते थे चापलूसी भरी बातें करते थे आज उनका दुकान पूरी तरह से ठप हो चुका है यही वजह है कि कुछ नाराज हैं तो कुछ खुश हैं अब देखना है प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार कब तक मयूरहंड में रुकते हैं।


# मुख्यमंत्री पशुधन योजना रोजगार को बढाने का एक सुगम योजना है : बीडीओ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतापपुर :** प्रखंड के सभागार भवन में शुक्रवार को बीडीओ अजय कुमार दास की अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक का संचालन पशु चिकित्सा पदाधिकारी सौरभ कुमार ने किया। यह बैठक मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशुपालन एवं गव्य विकास योजना को बढाया एवं विकास को लेकर किया गया ।जिसमे प्रखंड के जनप्रतिनीधियो मे प्रमुख, जिला परिषद, बीसुत्री अध्यक्ष, उपप्रमुख, मुखिह, पंचायत समिति के सदस्यो सहित कई कर्मी शामिल हुये। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशुपालन व गव्य विकास के तहत योजनाओ का संचालन, विकास एवं बढावा पर पर चर्चा किया। *बीडीओ ने कहा कि लक्ष्य के आधार पर प्रखंड स्तरीय कमिटी की बैठक किया जाय।इस बैठक में राज्य के कल्याणकारी योजना पशुपालन व गव्य विकास से संचालित योजना गाय पालन, सुकर पालन, मुर्गी पालन समेत अन्य योजनाओ के बारे में बताया गया।आगे कहा कि लक्ष्य के आधार पर सभी पंचायत में बराबरी का टारगेट दिया गया है। लोग अपने पंचायत में ग्राम सभा में शामिल होकर योजना का लाभ ले। योजना में विधवा महिला, विक्लांग व दिव्यांग को आरक्षण व प्राथमिकता दिया गया है। इस योजना के माध्यम से लोग आत्मनिर्भर व आर्थिक सुधार कर सकते है। बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि झारखंड सरकार का मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को शुरू करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य राज्य के बेरोजगार लोगो को रोजगार के साथ जोडना तथा पशुपालन को बढावा देना है। जिसके लिए सरकार द्वारा इस योजना में पशुओ के आधार पर राज्य के किसानो को 50त्न से लेकर 90त्न का अनुदान दिया जाता है। इस बैठक में बीस सुत्री अध्यक्ष सुर्यदेव यादव, प्रमुख प्रतिनीधी कपिल पासवान, जिप प्रतिनीधी संतोष राणा, राहुल कुमार, सतेन्द्र पासवान, हजारी प्रसाद, मुखिया किशोर यादव, जितेन्द्र सार्थक, काशिफ रजा, आशिष भारती, जितेन्द्र दास, पार्वती देवी,रामसेवक साव, संतोष यादव, शहनवाज खान, साहिल खान, कृष्णा यादव, इस्तेयाक खान, मुस्तफा खान, अशोक यादव, बीएफटी अशोक प्रजापति, समेत जनप्रतिनिधी शामिल थे।

## 200 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का आयोजन आयोजन किया गया। जिसमें एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों का स्वास्थ्य जांच के अलावा यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु कार्य किया गया। आयोजित कैम्प में बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज प्रखंड के 200 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें हड्डी रोग 37 बच्चा, मानसिक रोग लिए 20 बच्चा, कान के लिए एक,नेत्र रोग से ग्रसित एक बच्चा पाया गया। जिसके बाद सभी बच्चों का यूआईडी बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने बताया कि बच्चों की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें रांची में मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर डॉक्टर सुदामा प्रसाद, पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, सरवन कुमार, कमलेश चंद्र, पंकज दास ऑपरेटर सबीना प्रवीण समेत कई लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## हल्की सी बारिश छू कर चली जा रही है लोगों का सांस अटक सा गया है

**कुज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू सहित आसपास के इलाकों में छुईमुई जैसी बारिश आती है और चली जाती है एक तरफ कड़ाके की धूप से लोग त्रस्त हो रहे हैं इस तरीके से बारिश की हल्की सी छुअन से लोगों में एक अलग सा बेचैनी बढ़ गया है जानकार बतलातें हैं इस तरह की बारिश? के कारण से गर्मी और अधिक बढ़ जा रही है और लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है कई तरह की ऐसी बीमारियां उत्पन्न होने की आशंकाएं हैं वहीं कुजू के एक फैक्ट्रियां से प्रदूषण को परवाह किया जा रहा है जिस कारण आस पास के लोगों का जीना दो भर हो गया है लेकिन संबंधित अधिकारी इस पर किसी तरीके का अंकुश लगाने में विफल नजर आ रहे हैं बाहर हाल इस संबंध में फैक्ट्री के मैनेजमेंट से संपर्क करने की कोशिश किया गया लेकिन वह लोग मिलने से इनकार कर रहे हैं।

## रामगढ़ के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू किया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ 27 जुलाई से 3 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान में योगदान देने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभ आरम्भ कल सुबह दस बजे से है और समापन समारोह तीन अगस्त को किया जाएगा। यह हमारी माँ और माँ प्रकृति के प्रति एक श्रद्धांजलि है। विद्यालय के हितधारकों के समन्वय से आगामी सप्ताह वृक्षारोपण सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा।इस उपलक्ष्य मे विद्यालय प्रबंधन 2500 पौधे का वितरण बच्चो मे किया जायेगा। इस आगामी सप्ताह के दौरान बच्चे जैव विविधता के प्रति अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के शिक्षक बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता जताएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व और हमारे पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। एसजीएनपीएस के बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर लगाए गए पेड़ों की निगरानी करेंगे। समय पर उनका पालन-पोषण किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पौधे स्वस्थ रहें और सदैव खिलते रहें। स्कूल के प्रधानाचार्य, श्री हरजाप सिंह को स्थिरता की दिशा में यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व है और वे रामगढ़ शहर को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए समर्पित हैं।

## डॉ कामना राय बनीं स्नातकोत्तर इतिहास की विभागाध्यक्ष

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय ने इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कामना राय को स्नातकोत्तर इतिहास के विभागाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ट प्राध्यापकों ने बुके देकर बधाइयां दी। बधाइयां देने वालों में प्रमुख रूप से महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सरिता सिंह, फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बक्शी ओमप्रकाश सिन्हा और साइकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामाज्ञा सिंह शामिल थे। ज्ञात हो इतिहास विभाग रामगढ़ महाविद्यालय का एक बड़ा विभाग है जिसमें स्नातक के साथ स्नातकोत्तर भी है। मई महीने में डॉ. सतीश कुमार के सेवा सेवानिवृति के बाद से इस विभाग के विभागाध्यक्ष का पद से यह रिक्त था।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कराटे प्रशिक्षण जरूरी : कुंदन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीपीएस स्कूल पतरातु के प्रिंसिपल कुंदन ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमने अपने डीपीसी स्कूल में शुरू करवाया है कराटे प्रशिक्षण जो लगातार जारी रहेगा कराटे क्लास चालू होने के बाद बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास तीव्र गति से हो रहा है परिणाम को देखते हुए हम लोगों ने इसे कंटिन्यू करने का फैसला किया है। आगे कुंदन सर ने बताया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास का मतलब है मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बच्चे खेल कूद में भी आगे रहेंगे और पढ़ाई में भी अव्वल स्थान प्राप्त करेंगे।मौके पर इंचार्ज अंकित दहल,शिक्षक किरण कुमारी,कविता कृति,रोशनी कुमारी,उमेश कुमार उपस्थित थे।

## रक्तदानकर्ता वशिष्ठ राज ने किया रक्तदान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने वशिष्ठ राज से सम्पर्क कर ब्लड बैंक रांची जाकर ब्लड डोनेट कराया।मरीज के परिजनों ने बताया कि ब्लड बैंक में ब्लड ना होने की वजह से ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका। काफी हतास होने के बाद एक परिचित के माध्यम से सुधीर मंगलेश से संपर्क हुआं इन्होंने तुरंत अपने मित्र वशिष्ठ राज को ब्लड बैंक रांची में रक्तदान कर अनजान की जान बचाकर मानवता का परिचय दिए। वशिष्ठ राज ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है वशिष्ठ राज कई बार रक्त दान कर चुका है।वशिष्ठ राज ने यह सुनते ही बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ÷रक्तदान एक महान कार्य है और इसे मानवता की सेवा के रूप में देखा जाना चाहिए। मुझे खुशी है कि मैं किसी की जान बचाने में मदद कर सका।÷अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने समाजसेवी की इस निस्वार्थ सेवा की सराहना की और अन्य लोगों को भी नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। यह कदम वास्तव में प्रेरणादायक है। हमें उम्मीद है कि अधिक लोग इस प्रकार के कार्यों में भाग लें।

## डीएवी आरा कुजू में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल विजय दिवस मनाया

**कुज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को डीएवी सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, आरा कुजू में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर सातवीं कक्षा का छात्र अनिर्बान मुखोपाध्याय ने देशभक्ति पर आधारित कवितावाचन किया। जय श्री मुखोपाध्याय और सौम्या मिश्रा ने देश भक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुत की।सृष्टि श्रीवास्तव ने कारगिल युद्ध में मारे गए सैनिकों की संक्षिप्त कहानी बताई। विद्यालय के छोटे -छोटे बच्चों ने सैनिक ड्रेस पहनकर देश रक्षा की कसम खाई . इस अवसर पर बच्चों के बीच कारगिल विजय दिवस से संबंधित क्विज़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा, ÷देश की रक्षा करना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है,देश भक्ति की भावना कभी कम नहीं होनी चाहिए.÷ मंच का संचालन अंकिता नारायण ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनान में रश्मि झा और सकला अंजू बरियार की महत्वपूर्ण भूमिका थी।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला आदिवासी मुंडा टोला में आदिवासी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्टीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया,शंकर मुंडा,लखीचरण भोक्ता, रामकिशोर मुंडा,सोनी कुमारी, जंयती देवी भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,बिगेन्द्र ठाकुर, तेजपाल महतो अन्य शामिल थे।बैठक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के द्वारा आयोजित 9 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रामगढ़ शहर में एक जुलूस निकाला जाएगा जिसमें गोला से सैकड़ों महिला-पुरुष परंपरागत वेशभूषा में भाग लेने का निर्णय लिया गया।साथ ही आदिवासियों को वन पट्टा, बंदोबस्ती के लिए जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# ममता देवी ने मुख्यमंत्री एवं इरफान अंसारी से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** पूर्व विधायक रामगढ़ ममता देवी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में आबुआ आवास योजना के तहत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का आग्रह किया है।पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी निवास करती हैं जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, गरीब वर्ग के लोगों की संख्या अच्छी खासी है परंतु शहरी क्षेत्र होने के कारण किसी भी प्रकार के आवास योजना से यहां के लोग लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं जबकि कई ऐसी जगह पर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों की स्थिति काफी दयनीय है। मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से उन्होंने अबुआ आवास योजना को छावनी क्षेत्र में लागू करने का आग्रह किया है जिससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग के लोगों को आवास योजना का लाभ मिल सके।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या 04रा(वि0), दिनांक 30.05.2024 द्वारा निजी क्षेत्र में तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय पर 50 प्रतिशत सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की योजना है। जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से संबद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जायेगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदक स्वयं के साथ तालाब का Geo Tagged फोटोग्राफ (Latitude-Longitude सहित), स्वयं का नाम–पता, मोबाईल संख्या, तालाबों की सूची, राज्यस्तरीय मत्स्य पालन का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में जमा करेंगे ताकि समय पर आपको योजना का लाभ दिया जा सके। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा।

यह योजना पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर क्रियान्वित किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 330858 Fish(24-25)#D



### कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर हेसाग जंगल के पास मुख्य सड़क पर जलावन सहित 01 ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR 330838 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D



### कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | चन्दवा | 06/08/2024 | 11:00 AM | 25,08,715 | 2,51,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | चन्दवा | 06/08/2024 | 11:30 AM | 16,44,548 | 1,64,500 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | चन्दवा | 06/08/2024 | 12:00 PM | 4,763 | 500 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | बालूमाथ | 07/08/2024 | 11:00 AM | 8,32,169 | 83,500 |
| 5 | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पडाव बालूमाथ में निर्मित सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | बालुमाथ | 07/08/2024 | 11:30 AM | 263 | 50 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 07/08/2024 | 12:00 PM | 13,82,070 | 1,38,500 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | बालुमाथ | 12/08/2024 | 11:00 AM | 2,88,190 | 29,000 |
| 8 | बस पड़ाव बरवाडीह। (दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक) | बरवाडीह | 12/08/2024 | 11:30 AM | 54,338 | 5,500 |

नोट :–
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 13/08/2024 को पूर्वाह्न/~~अपराह्न~~ 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 16/08/2024 को पूर्वाह्न/~~अपराह्न~~ 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लातेहार

PR 330845 Rural Development(24-25).D



### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, गुमला

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, गुमला के अंतर्गत गुमला जिला में उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम से किसानों को सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024 – 25 में गुमला जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र एवं कृषि उपादान पचास प्रतिशत सीमित अनुदान पर इच्छुक कृषको को आवेदन जमा करने के पश्चात उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के आलोक में निम्न वर्णित कृषि उपकरण/कृषि उपादान हेतु इच्छुक कृषको से अनुदान पर कृषि यंत्र /कृषि उपादान हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क0सं0 | यंत्र का नाम | कुल | क0सं0 | यंत्र का नाम | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर वीडर | 10 | 8 | पावर टीलर | 1 |
| 2 | नेपसैक स्प्रेयर | 479 | 9 | पम्प सेट | 140 |
| 3 | पावर स्प्रेयर | 199 | 10 | सिंचाई पाईप | 468 |
| 4 | रोटावेटर | 36 | 11 | कोनोवीडर | 8 |
| 5 | मल्टी कॉप थ्रेसर | 4 | 12 | स्प्रींकलर | 1 |
| 6 | मेज सेलर | 3 | 13 | मिनी राइस मिल | 6 |
| 7 | कल्टीवेटर | 2 | 14 | मिनी दाल मिल | 1 |

| | समेकित पोषक तत्व प्रबंधन | अनुदान | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | सूक्ष्म पोषक तत्व | अधिकतम 500 रू0 प्रति हे0 | 1507 हे0 |
| 2 | डोलोमाईट/लाईम | अधिकतम 1000 रू0 प्रति हे0 | 1150 हे0 |
| 3 | जिप्सम | अधिकतम 750 रू0 प्रति हे0 | 583 हे0 |
| 4 | जैव उर्वरक | अधिकतम 300 रू0 प्रति हे0 | 693 हे0 |
| | समेकित कीट प्रबंधन | अनुदान | लक्ष्य |
| 1 | पादप सुरक्षा रसायन एवं वायो पेस्टीसाईड | अधिकतम 500 रू0 प्रति हे0 | 1268 हे0 |
| 2 | खर–पतवार नाशक | अधिकतम 500 रू0 प्रति हे0 | 605 हे0 |
| | स्थानीय पहल | अनुदान | लक्ष्य |
| 1 | थ्रेसिग फलोर | अधिकतम 57500 रू0 प्रति ईकाई | 18 |

- आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
- आवेदक का आधार कार्ड का छाया प्रति।
- पास बुक का फोटो कॉपी का छाया प्रति।
- मुखिया द्वारा वंशावली ।

नोटः–
1. कृषि यंत्र हेतू इच्छुक किसान अपने आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे।
2. आवंटन की राशी के अनुसार भौतिक लक्ष्य का संशोधन किया जा सकता है।
3. उपरोक्त किसी भी यंत्र / उपादान का क्रय लाभुको द्वारा संबंधित एजेंसी राज्य सरकार के अधिकृत विक्रेता से करने पर ही अनुदान की राशी का भुगतान किया जाएगा।
4. पूर्व के 3 वर्षो में किसी भी यांत्रिकरण योजना के द्वारा लाभ नहीं लिया हो शपथ – पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. उपरोक्त यंत्रों का लाभ प्राप्त करने हेतु ग्राम सभा से अनुशंसा की छाया प्रति का अनुलग्नक के उपरांत ही कार्यालय में आवेदन को स्वीकार किया जाएगा।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, गुमला।

PR 330830 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)



### कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
### (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**
**संख्या –07/2024–2025**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 05.08.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 06.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 06.08.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : 15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध अनुदान)

| क्र० सं० | प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | ORMANJHI | PANCHA | पॉचा पंचायत के ग्राम गुडू मंदिर से पाहनटोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **944000.00** | 20000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 02 | ITKI | KURGI | एन0एच0 2बी से सरफारज मांस्टर के घर होते हुए दिना मास्टर के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 03 | BERO | ETTA | ग्राम खिरदा पंचायत ईटा में सरना घेराव खाता नं0 62 प्लॉट नं0 263, रकबा 1085 डी0 | **949600.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 04 | KANKE | HUSUR | ग्राम पंचायत हुसीर में अमानत के घर से लेकर बिरसा उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **943800.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 05 | NAGRI | DEVRI | पंचायत देवरी, कुड़वा तालाब में सिढ़ी का निर्माण। | 475000.00 | 9500.00 | 750.00 | तीन माह |
| | NAGRI | BALALONG | पंचायत बलालौंग, गागी टोला तालाब में सिढ़ी निर्माण। | 475000.00 | 9500.00 | 750.00 | तीन माह |
| | | | कुल | **950000.00** | 19000.00 | 12500.00 | |
| 06 | ANGARA | NAWAGARH | नवागढ़ पंचायत के मड़ई टोला मे सरईअम्बा से पूरबटली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 576100.00 | 12000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | ANGARA | HESATU | अनगडा प्रखण्ड के हेसातु पंचायत में हुण्डरू फॉल मुख्य पथ से पिपराटोली में महेन्द्र भोक्ता के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 367900.00 | 7000.00 | 750.00 | तीन माह |
| | | | कुल | **944000.00** | 19000.00 | 1250.00 | |
| 07 | BERO | HARIHARPUR | हरीहरपुर जामटोली देवी मण्डप का घेराव। | **949600.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 08 | ORMANJHI | CHANDRA | ग्रांम बुण्डू में उरॉव मसना से लेकर करम गढ़ा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 539400.00 | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | ORMANJHI | SADMA | ग्राम सदमा में दीपक मुण्डा के घर से लेकर रोबीन मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 409600.00 | | | |
| | | | कुल | **949000.00** | | | |
| 09 | CHANHO | BEYASI | सिसई अम्बा टोली में अखरा का निर्माण। | 125000.00 | 38500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | CHANHO | MURTO | मुरतो पंचायत के मेलानी में जतरा खुंटा का निर्माण। | 826600.00 | | | |
| | CHANHO | PANDRI | चान्हों प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पंडरी के ग्राम पंडरी में उस्मान अंसारी के घर से हसीब अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 950000.00 | | | |
| | | | कुल | **1901600.00** | | | |
| 10 | SONAHATU | GALAU | बीरमडीह गांव में अमुल्य महतों के घर से दुर्गा मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 540600.00 | 17500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | SONAHATU | JAMUDAH | दिउड़ीडीह मंदिर परिसर मे चबुतरा निर्माण। | 319100.00 | | | |
| | | | कुल | **859700.00** | | | |
| 11 | TAMAR | JARGO | जारगो टोला चुटिया बेड़ा मे पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **948632.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 12 | KANKE | KANKE NORTH | सेमर टोली टिकू के घर से डब्बू के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निमार्ण। | 306900.00 | 6500.00 | 750.00 | तीन माह |
| | KANKE | SAMARTOLI | सेमर टोली तरूण वर्मा के घर से दीपक तिर्की के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निमार्ण। | 310400.00 | 19500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | KANKE | ARSANDAY | कुमार बाग गली कॉके ब्लॉक रामू यादव के घर से लेकर छोटू सोनी के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निमार्ण। | 333500.00 | | | |
| | | | कुल | **950800.00** | | | |
| 13 | LAPUNG | BELANDU | बलान्दु पारस नाथ उरॉव के घर से भजू उरॉव के घर तक गार्डवाल का निर्माण। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 14 | KANKE | SUKURHUTTU South | सुकुरहुटु दक्षिणी पंचायत में वार्ड नं0 8 में सीताराम महतो के घर से लेकर लहरू महतो क घर तथा अंजनी महतो के घर से होते हुए ललीत महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | **944000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 15 | MANDAR | KANJIYA | माण्डर प्रखण्ड के पंचायत कंजिया के पुनगी गॉव में हेनले उरॉव के घर से चाला पूजा स्थल होते हुए बरगी उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 950000.00 | 33500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | MANDAR | SURSA | माण्डर प्रखण्ड अन्तर्गत सुरसा पंचायत के बसकी मे जगत साही के घर से मासमनों रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 705500.00 | | | |
| | | | कुल | **1655500.00** | | | |
| 16 | BUNDU | KORDA | कोड़दा बड़ पेड़ से बयार मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | **948632.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 17 | TAMAR | KUNDLA | तमाड कुन्दला हेसपेल ग्राम में पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | **948632.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 18 | ANGARA | SAHLAN | साल्हन प्राचीन दुर्गा मंदिर से कुदन गोस्वामी के घर होते हुए मठ तालाब तक जर्जर पी0सी0सी0 पथ पर पुनः पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **943300.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 19 | KHELARI | KHELARI | खलारी प्रखण्ड के पंचायत के महावीर नगर छठ घाट से नाली गन्दा पानी रोकने के लिए नाला या गार्डवाल का निर्माण। | 381400.00 | 19500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | KHELARI | HUTAG | हुटाग पंचायत बाजार टाड़ पुल से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 567400.00 | | | |
| | | | कुल | **948800.00** | | | |
| 20 | KHELARI | CHURI WEST | खलारी प्रखण्ड के पंचायत चुरी पश्चिमी में उतरी कर्णपुरा श्रमिक महाविद्यालय में एक कमरा का निर्माण कराया जाए। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 21 | TAMAR | RAGRABADAM | रागड़ाबड़ाम पंचायत के राजस्व गाम पंचायत भवन से सुरेश महतो के घर तक बोल्डर सोलिंग एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **948632.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 22 | MANDAR | KARGE | करगे पंचायत के ग्राम करगे में हातमा स्कूल पीच पथ से देवी मण्डप मन्दिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 23 | NAMKUM | SIDROL | सिदरोल पंचायत के कवाली गॉव में स्थित फुटबॉल खेल मैदान पर सीढ़ीनुमा दर्शक दीर्घा निर्माण। | **942700.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 24 | KANKE | KHATANGA | कॉके प्रखण्ड अन्तर्गत खंटगा पंचायत के परतोल गॉव के श्मशान घाट में शेड का निर्माण | **729700.00** | 15000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 25 | NAMKUM | JAMGAI | जमगाई में अखड़ा से नदी टोली तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण | **944000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 26 | BURMU | MAKKA | मक्का पंचायत के ग्राम सीरम मे राय मुख्य पथ से करम अखरा तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 27 | RAHE | DOKAD | पंचायत डोकाद के ग्राम बुढ़ाडीह में पी0सी0सी0 निर्माण। | 417161.00 | 17500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | RAHE | AMBAJHARIA | पंचायत आम्बाझरिया के ग्राम आम्बाझरिया में मुण्डा टोला सतिया में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 442967.00 | | | |
| | | | कुल | **860128.00** | | | |
| 28 | RATU | RATU NORTH | रातू उत्तरी पंचायत में सी0एच0सी0 हॉस्पिटल के बगल मुख्य पथ से बॉबी मियॉ के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 537000.00 | 19500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | RATU | TURUP WEST | पश्चिमी तारूप में उप स्वास्थ्य केन्द्र से हेमन्त मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 413100.00 | | | |
| | | | कुल | **950100.00** | | | |
| 29 | SONAHATU | MARANKIRI | सोनाहातु प्रखण्ड अन्तर्गत मारांकिरी गॉव में बलराम महतो के खेत के सामने गार्डवाल का निर्माण। | **698700.00** | 14000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 30 | NAMKUM | HAHAP | हहाप पंचायत के उलीडीह में सिलास टुटी के घर से लेकर मदन टुटी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **944000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 31 | BURMU | BURMU | ग्राम कोराबार में देवी मण्डप से किशोर मैदान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **950000.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 32 | RATU | FUTKALTOLI | फुटकलटोली पंचायत में झिरी गॉव में दीपक प्रसाद के घर से लेकर फुलेश्वर महतो के घर तक लगभग पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 475000.00 | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | RATU | PANDRA | पण्डरा पंचायत बसंत विहार कॉलोनी मे राम चन्द्र पंडित के घर से लेकर वकिल सिंह के घर तक 180 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 475000.00 | | | |
| | | | कुल | **950000.00** | | | |
| 33 | SILLI | SILLI EAST | सिल्ली पूर्वी पंचायत बिसरिसा के ग्राम कुटाम में कृष्णा मुण्डा के घर के सामने पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | **948632.00** | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 34 | SILLI | LOWADAG | सिल्ली प्रखण्ड के लोवादाग पंचायत के ग्राम लोवादाग में मनु रंजन के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 400000.00 | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | SILLI | BANTA | सिल्ली प्रखण्ड के बनता पंचायत के ग्राम बनता में कुमार के जमीन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 550000.00 | | | |
| | | | कुल | **950000.00** | | | |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 330859 Panchayati Raj(24-25).D

**कारगिल विजय दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर परिवार ने शहीद समारक आकर किया पुष्पार्चन**

# शहीद हमेशा याद किये जायेंगे, भारतीय सेना के शौर्य, वीरता और पराक्रम को हमेशा याद रखेगा देश : प्रमोद कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के तत्वाधान में 26 जुलाई शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के 25 वीं वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः वन्दना सभा में प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार ने सभी भैया बहनों को कारगिल युद्ध के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा शहीद हमेशा स्मरणीय रहेंगे। भारत के वीर सैनिकों ने कारगिल युद्ध में दुश्मनों को चारो खाने चीत कर दिया था। देवा उरांव ने कहा कारगिल विजय दिवस पूरे देश के लिए प्रेरणा है। नारायण कुमार ने कहा भारतीय सेना के शौर्य और साहस के आगे दुश्मन पस्त हो जाते हैं। आचार्या रीता यादव ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात विद्यालय के भैया बहनों के साथ कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैरो के एड़ादोन गांव के विश्राम टाना भगत के समाधि स्थल पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य देवा उरांव,नारायण कुमार और भैया बहनों ने माल्यार्पण कर, पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद विश्राम टाना भगत के स्मारक स्थल पर भी पुष्प माला अर्पित किया गया। विदित है कि कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत एडादोन ग्राम निवासी कारगिल शहीद स्व0 विश्रामटाना भगत हवलदार न0 4267386 ए0 प्लाटून एच0 क्यू0 कम्पनी ए0 युनिट 14 विहार रेजिमेंट के जवान 26 दिसंबर 2001 को कारगिल युद्ध मे दुश्मनों को अन्तिम सांस तक मुकाबला करते शहीद भी हो गये थे।

## नगर भवन में भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा मनाया गया 25 वीं कारगिल विजय दिवस







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** न्यू नगर भवन लोहरदगा में लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कारगिल विजय दिवस 2024 मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण सम्मिलित हुए। मंच से ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के सीमा क्षेत्र में घुसपैठियों के विरुद्ध की गई यह ऐतिहासिक सफल कार्रवाई को देश हमेशा याद रखेगा। इस युद्ध में भारतीय सबसे कठिन दृश्य से गुजरे हैं और फिर भी अपना गौरव बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उपायुक्त श्री वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भारत देश के पवित्र भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजली दी। पुलिस अधीक्षक श्री हरीश बिन जमां ने कहा कि कारगिल विजय की कुर्बानियों की वजह से ही हमें सर ऊंचा करके जीने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में दी गई आहुति एवं समर्पण की तुलना कभी भी नहीं की जा सकती है। उप विकास आयुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि वह आज शहीदों के परिजनों को नमन करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस के 25वीं वर्षगांठ पर समस्त देशवासी अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा करने वाले वीर जवानों को याद कर रहे हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों को नमन किया गया और पुष्पांजलि अर्पित कर जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

## हेमंत सरकार का झारखंडी ढोंग की पोल खुल गई : राजू गुप्ता



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने झारखंड की हेमंत सरकार की झारखंडी ढोंग का पोल खोलते हुए कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा झारखंड नगर निवेशक पद पर मैट्रिक लेवल की नियुक्ति पत्र जारी की है उसमें कुल 28 में से मात्र 11 लोग झारखंड के निवासी हैं। उन 11 में से भी मात्र तीन लोग झारखंड के स्थाई निवासी हैं बाकि आठ लोग दूसरे राज्यों से आकर झारखंड में अस्थाई रूप से रह रहे हैं और झारखंड का पता देकर नौकरी पाने में कामयाब रहे हैं। कुल 28 में से 17 अभ्यर्थी बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल,तेलंगाना हरियाणा उत्तर प्रदेश और दिल्ली के निवासी हैं। राजू गुप्ता ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव के समय झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों ने झारखंडियों से कहा था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम केवल झारखंडियों को हीं नौकरी देंगे। इनकी झांसे में आकर झारखंड की भोली-भाली जनता इन्हें वोट देकर झारखंड की सत्ता की चाभी शॉप तो दी। मगर झारखंडियों को मिला क्या वह सिर्फ छले हीं गए। झारखंड की हेमंत सरकार जब भी नियुक्तियां निकाली दोनों हाथ खोलकर बाहरियों को ही नौकरी देने का काम किया। राजू गुप्ता ने कहा कि अब झारखंड के बेरोजगारों की नजर खुल गई है और 2024 के अंत में होने वाली विधानसभा चुनाव में यहां के बेरोजगार युवा निश्चित रूप से हेमंत सरकार को मजा चखाते हुए तडीपार का रास्ता दिखाने का काम करेंगे।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थल खखपरता का किया भ्रमण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा निर्देशित शिक्षण सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के वर्ग 10 वीं,11वीं एवं 12वीं के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन ऐतिहासिक धरोहर स्थल लोहरदगा जिला के खख परता में अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर का भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य एस के झा के नेतृत्व में किया और अद्भुत निर्माण शैली को समझने का प्रयास किया। प्राचार्य एस के झा ने काफी विस्तार से विद्यार्थियों को उत्कल निर्माण शैली के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि इस मंदिर के निर्माण में ना तो नींव की खुदाई की गई है और ना ही छड़, सीमेंट आदि का प्रयोग किया गया है। लगभग 2000 वर्ष पुराना इस मंदिर में अब तक कहीं खरोंच भी नहीं आया है। इससे पता चलता है कि प्राचीन काल का निर्माण-शैली कितना अद्भुत और मजबूत था। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रामचंद्र गिरि, अपर्णा गुप्ता, राजीव कुमार और रानी कुमारी उपस्थित थे।

## किशोरों के समस्या की पहचान कर उसका निराकरण करने में सहिया की भूमिका अहम : प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (C3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों से जुडी समस्या,समाधान सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रखंड अकाउंट्स मैनेजर के द्वारा किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा बैठक के माध्यम से किशोरों एवं किशोरियों की समस्या कि पहचान करें आज के किशोर जानकारी के अभाव में कम उम्र में विवाह कर रहें है, नशा पान में लिप्त हो रहे है और एक जोखिम भरी जिन्दगी जी रहें है आप सभी सहिया इन सभी विषयों में किशोरों को जागरूक करें जिससे किशोर एवं किशोरियां बेहतर जिन्दगी कि ओर बढ़ें। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा उपस्थित सहिया को किशोरावस्था के महत्व, इनसे जुडी समस्या, चुनौती एवं समाधान, और एक सेवा प्रदाता के रूप में इस समस्या के समाधान में सहिया की क्या भूमिका होगी इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बी.टी.टी, युवा मैत्री केंद्र के परामर्शदाता और कुल 96 सहिया शामिल हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के रंजन कुमार एवं नंदलाल उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिजली के संपर्क में आने से किसान की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एलटी बिजली लाइन के संपर्क में आने से किसान की हुई मौत गांव में छाया मातम घटना की सूचना पर पहुंची सेन्हा पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया ग्राम में हादसा ही जिससे गांव में मातम छाया हुआ है। वही बताया जाता है कि किसान अपने घर से खेत के लिए निकला था कि गांव से बाहर निकलते ही एलटी बिजली के संपर्क में आ गया? जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। वही मृतक का पहचान गगेया निवासी शनिचारवा उराँव का 26 वर्षीय पुत्र रंथू उराँव के रूप में किया गया है। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के अनुसार रंथू उराँव समय लगभग 11 बजे घर से अपना खेत जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में एलटी लाइन का लगा बिजली खम्भा में लगे अर्थिंग तार में सटने से हादसा होने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजित कुमार अपने सहयोगी पदाधिकारी एस आई मनीष कुमार एवं दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के उपरांत अग्रतर कारवाई करते हुए जांच में जुट गये। इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया बंधन उराँव ने बताया कि बिजली का एलटी लाइन के संपर्क में आने से युवक की मौत हुई है। बताते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि मिलनी चाहिए। जबकि थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा ग्रामीणों से प्राप्त सूचना से यह प्रतीत होता है कि बिजली के संपर्क में आने से रंथू उराँव की मौत हुई है। जिसका फिलहाल अनुसंधान जारी है।

## कांग्रेस ने ट्रांसफार्मर लगवाने के नाम पर ग्रामीणों को ठगा, आजसू के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में उत्साह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत अंतर्गत ग्राम मुकरूम में लगभग चार माह से ट्रांसफार्मर जली हुई थी ग्रामीण अंधकार में रहने को विवश थे लोकसभा चुनाव के समय वहां के स्थानीय कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अस्वस्थ किया गया था कि ट्रांसफार्मर चुनाव के बाद लगवा देंगे चुनाव बीतने के बाद वही जनप्रतिनिधि पल्ला झाड़ने लगे परंतु कोई भी कांग्रेसी नेता ने पहल नहीं किया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल को दी सूरज अग्रवाल ने विद्युत विभाग से संपर्क कर जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने की बात की। इसी कड़ी में आज ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दी गई। ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि हम चुनाव के समय में गुमराह हो जाते हैं लेकिन आगे से जो दल हम सबों का सुख-दुख का साथी बनेगा उसके साथ हम कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मौके पर हरिंदर खेरवार एवं सूरजदेव सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण जयराम प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, बसंत सिंह, ननदेव सिंह, विनोद सिंह, सोमनाथ सिंह, बिजू भूईया, वकील सिंह, शमशाद अंसारी, तारकेश्वर भूईया, राहुल लोहरा, चरकू भूईया, राम चरण सिंह, राजेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह आदि कार्यालय पहुंच ट्रांसफार्मर ले जाने में सहयोग किया।

## सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ रही है : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड स्थित उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा के परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक सादे समारोह आयोजित कर कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा,मध्य विद्यालय अरु तथा बुनियादी विद्यालय सेन्हा में अध्ययनरत 8 वी कक्षा के छात्र छात्राओं के बीच झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव,बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो, समाज कल्याण पदाधिकारी त्रिवेनी भगत द्वारा संयुक्त रूप वितरण किया गया। पहले दिन प्रखंड क्षेत्र के तीन विद्यालयों के 151 बच्चो का साइकिल वितरण किया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उसी निमित दूर से विद्यालय आने के लिये छात्र छात्राओं को साइकिल दे रही है। जिसे बच्चे बच्चियां को प्रत्येक दिन नियमित रूप से विद्यालय पहुंचने के लिए सरकार साइकिल दे रही है। कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 30 मध्य विद्यालय के 1,270 बच्चे बच्चियों को साइकिल वितरण करना है। छात्र छात्रओं को गुणवकता पुर्ण साइकिल दें जिसे सरकार की योजना सफल हो सके। 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा की एक सप्ताह में सभी साइकिल वितरण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें। साथ ही कहा कि कोई बच्चा साइकिल प्राप्त करने से वंचित न रहे। वितरण को लेकर विभाग इस पर ध्यान दे।

# कारगिल विजय दिवस पर याद किये गए सैनिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीर शहीद सैनिकों एवं अवकाश प्राप्त सैनिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा गरजा स्थित शहीद विजय सोरेंग के घर जाकर उनकी पत्नी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही एक पेड़ भी भेंट किया और शहीद सैनिक विजय सोरेन के याद में पौधारोपण भी किया मौके पर श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सैनिकों एवं शहीदों का सम्मान किया है आज भारत के लिए गर्व का पल है आज के दिन ही भारत की सेवा ने कारगिल में विजय पटाका फहराकर भारत का शक्ति का प्रदर्शन किया था यह हम सभी भारतवासियों के लिए गौरव का पल है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश आज ताकतवर देश बनकर खड़ा है और कोई भी देश भारत को आज टेढ़ी नजर से नहीं देख सकता है भारतीय सेना को छेड़ने पर आज घर में घुसकर हर हमले का जवाब देने की काबिलियत रखती है। मौके पर अनूप केशरी दीपनारायण दास संटू गुप्ता कमलेश गोप पुरुषोत्तम दास एवं शहीद सैनिक के परिजन मोजूद थे।

## चन्नी द्वारा खुलेआम खालिस्तानी समर्थन का पैरवी करना कांग्रेस के चरित्र को दिखाता है : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस से वर्तमान सांसद चरनजीत सिंह चन्नी का लोकसभा में खुलेआम बड़ा खालिस्तानी समर्थन का पैरवी करना कांग्रेस के चरित्र को दिखाता है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह जो की खालिस्तानियों का एक बड़ा समर्थक है और जेल में भी बंद है वैसे व्यक्ति के लिए कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब सांसद चरणजीत सिंह चन्नी का खुलेआम लोकसभा में पर भी करना कांग्रेस की विचारधारा को प्रकट करता है। इससे यह पता चलता है कि जब कांग्रेस की सरकार मैं मुख्यमंत्री होंगे तो इस प्रकार के विचारधारा को कितना ज्यादा संरक्षण मिला होगा। कांग्रेस फिर से वही इतिहास दोहराना चाहती है कि पंजाब में पुनः एक बार एक भिंडरावाला जन्म ले और रहनुमा लोगों का रहनुमा बनकर जनता के बीच जाएं। परंतु कांग्रेस या भूल चुकी है कि आधुनिक युग में कोई भी व्याख्या छुपती नहीं है। वह जन-जन तक पहुंच जाती है। मशहूर सिंगर मूसे वाला हत्या का कांग्रेस की सरकार में ही हुई और आज वह दोषारोपण भाजपा सरकार पर कर रही है। कांग्रेस न्यायालय को भी नहीं मानती। कोई व्यक्ति हत्यारा है वह चुनाव जीत जाता है तो क्या उसे घूमने की आजादी मिल जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्र विरोधी ताकतों को कांग्रेस अपना समर्थन देकर अपने स्वार्थ को साधना चाहती है। चाहे उसके लिए देश का विभाजन ही क्यों न हो जाए।ठीक उसी प्रकार से झारखंड में कांग्रेस के नेता सांसद झूठ परोस रहे हैं, तुष्टीकरण के आधार पर वैसी ताकत को संरक्षण दे रहे हैं।

## कारगिल विजय दिवस के मौके पर विश्व हिंदू परिषद ने महावीर चौक में दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कारगिल विजय दिवस के मौके पर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा द्वारा शहर के हृदयस्थली महावीर चौक में शुक्रवार की शाम कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अगुवाई में शहीद जवानों के नाम पर एक दिया जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलिदान देने वाले वीर शहीद जवानों को सभी समुदाय के लोगों को आज के दिन याद करनी चाहिए। आज से 25 साल पहले 78 दिन तक चले कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जो शौर्य दिखाकर दुश्मनों को पराजित किया। वह घटना देश के गौरव में अभिवृद्धि करती है।आज हम इसलिए अपनी प्रगति के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है क्योंकि दिन-रात सुबह-शाम अपने घर से दूर सम और विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए हमारा नौजवान भारत की सीमाओं की रक्षा करते हुए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा है। इस मौके पर जिला मंत्री कृष्णा शर्मा बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल, सह सयोंजक बबलू अग्रवाल, गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता नगर सहसंयोजक अंकित केसरी विद्यार्थी प्रमुख अग्निवेश चौबे, कमल सेनापति, अम्बेस कुमार, मनीष कुमार, सुभम कुमार, सजंय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय आधारित पार्टी है, सभी 81 विधानसभा सीट से लड़ेगी चनाव : सुनील साहू

**एलएपी में शामिल हुए पवन तिग्गा, लड़ चुके हैं लोहरदगा लोकसभा चुनाव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) लोहरदगा के तत्वावधान में एक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष मो.क्यूम अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान महासचिव मो.अजहर आलम उपस्थित रहें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय आधारित पार्टी है। लोकसभा चुनाव में झारखंड के सभी 14 सीटों पर नामांकन करी थी। दो जगह नामांकन रद्द हो जाने के कारण शेष 12 सीटों पर ही चुनाव लड़ पाये थे। साधन-संसाधन और संगठन के अभाव में विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी सम्मानजनक वोट प्राप्त हुए। अब संगठन विस्तार कार्य तेज गति से हो रहा है। इसीलिए झारखंड के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। प्रधान महासचिव मो.अजहर आलम ने कहा कि सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के साथ कुछ सीटों को चिन्हित भी किया जा रहा है ताकि विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ सीटों पर जीत दर्ज कर सके। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारने का प्रयास चल रहा है। पार्टी में शामिल होने के बाद पवन तिग्गा ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़कर लगभग चार हजार वोट प्राप्त किया था। अब लोकहित अधिकार पार्टी को मजबूत बनाने में अपना योगदान दूंगा। बैठक में मुख्य रूप से रामचंद्र भगत, स्थेर लकड़ा, बसंती देवी, मुकेश कुमार सिंह, सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, गोवर्धन महतो, लक्ष्क्षु उरांव, विश्वजीत उरांव, रश्मि उरांव, फिरोज अंसारी, योगेन्द्र उरांव, करमीला कुमारी, सदाम अंसारी, मोजीब खान, फिरोज अंसारी, विनोद कच्छप, साजिद अंसारी, दीपक महली, समेत सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

**हिंसा पीड़ित महिला में जीने की नई उम्मीद जगा रहा है गरीमा केन्द्र : जोसिमा खाखा**

# पाकरटांड़ में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख?य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा के अलावे प्रमुख रजत लकड़ा, गरिमा परियोजना कॉर्डिनेटर चम्पा तिग्गा, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक अमित कमल कुजूर, थाना प्रभारी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि जिले के चार प्रखंडों में खोला गया गरिमा केंद्र घरेलु हिंसा एवं मानव तस्करी का शिकार महिलाओं में जीने की नई उम्मीद जगा रहा है। गरिमा केंद्र आज पीड़िताओं के लिये किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में बदनामी और शर्मींदगी का शिकार हो चुकी महिलाओं को न्याय भी दिलाया जाता है, जो सराहनीय है। जोसिमा ने कहा कि मुझे खुशी होती है कि केन्द्र में हिंसा के साथ साथ गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहयोग भी दिलाने में भी मदद की जाती है। साथ ही पीड़िता महिला को आजीविका के लिये विभिन्न स्रोतों से जोड़कर रोजगार मुहैया कराया जाता है। गंभीर समस्या से पीड़िता महिलाओं को अस्पताल, सीडब्लूसी, वन स्टॉप सेंटर रेफर किया जाता है। यही कारण है कि गरिमा केंद्र आज ग्रामीण महिलाओं के लिये वरदान साबित हो रही है। जेएसएलपीएस के अमित कमल कुजूर ने बताया कि केंद्र की सहायता से पीड़िता महिलाओं को न्याय दिलाने की लगातार कोशिश की जा रही है। वहीं समाज मे फैली कुरुतियों, डायन कुप्रथा, बाल विवाह, यौन हिंसा, मानव तस्करी, पलायन आदि के लिये भी जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। यहां पीड़िता को हर सम्भव मदद की जाती है। केंद्र की सभी महिलाओं को समय समय पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा निंदनीय : झापसा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन,उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के उस वक्तव्य की निंदा किया है, जिसमें शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया गया था । संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सुमन ने कहा कि शिक्षक ताउम्र अनुशासन में रहकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं। परियोजना निदेशक से असंसदीय भाषा की कतई उम्मीद नहीं थी,जबकि अधिकारियों के सारे आदेश का अनुपालन शिक्षक करते हैं। एक तरफ विद्यालयों में आनंदमयी शिक्षा और बेहतर वातावरण के निर्माण की दुहाई दी जाती है और दूसरी ओर शिक्षकों को मारने पीटने की बात कहीं न कहीं शिक्षकों के मनोबल को कमजोर करने को दर्शाता है।

## चलते चलते एक नजर

### झारखण्ड छात्र मोर्चा ने कुलपति से सभी विषयों का नामांकन पोर्टल खोलने की मांग की



**मेदिनीनगर :** झारखंड छात्र मोर्चा का का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष कौशल किशोर के नेतृत्व में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बाल किशुन मुंडा से मुलाकात किया। झारखण्ड छात्र मोर्चा ने कुलपति से सभी विषयों के लिए नामांकन पोर्टल खोलने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा की अगर नामांकन पोर्टल खुला है तो उसमे सभी विषयों को चुनने का अवसर छात्रों को दिया जाए क्युकी अभी तक महाविद्यालय द्वारा जो भी मेरिट लिस्ट जारी की गई है। उसमे कम अंक वाले छात्र-छात्राओं का नाम नहीं आ पाया हैं। बड़े बड़े विश्वविद्यालय महाविद्यालय में तो उनका नामांकन नहीं हो पाता है और अगर यहां भी नहीं होगा तो वैसे छात्रों के भविष्य का क्या होगा ? प्रभारी कुलपति ने सभी की बातो को ध्यान से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी को बुलाकार जानकारी प्राप्त की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया की पोर्टल में सभी विषयो को चुनने का मौका दिया जायेगा और सभी का नामांकन सुनिश्चित किया जायेगा मौके पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष कौशल सिंह, जीएलए कॉलेज के उपाध्यक्ष कौशिक राज, अक्षय पासवान, रितेश वर्मा, दीपक कुमार, रोहित कुमार, कलेश दुबे, रूही कुमारी आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस के जन सहायता शिविर में 3672 लोगों ने दिया आवेदन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को राहे प्रखंड परिसर में एक दिवसीय जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के सभी नौ पंचायतों से जरूरतमंद लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए और सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किये। अधिकांश लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि सहायता शिविर में 3672 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिसमें भूमि सम्बधी, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय, विकलांगता प्रमाण-पत्र, पेंशन, कृषि ऋण, छात्रवृत्ति, बिजली, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य शामिल हैं। शिविर में कानूनी सलाह देने के लिए विशेषज्ञ अधिवक्ता विनोद सिंह, सोनी नायक, दिनेश वर्मा एवं दिगपाल कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में जगदीश चन्द्र महतो, नागेश्वर महतो, राजकिशोर मुंडा, त्रिलोचन महतो सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# गढ़वा के विकास से विरोधियों का वजूद हो रहा है समाप्त : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढवा।** गढवा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से करीब 22 किलोमीटर लंबी नौ सड़कों का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढवा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार में नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण



कार्य प्रारंभ किया जाएगा।मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास विरोधी लोग जितना ज्यादा विरोध करेंगे गढवा के विकास की गति उतनी ही ज्यादा तेज होगी। पूर्व के लोग न तो खुद विकास किए और न ही दूसरे को विकास करने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में गढवा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। तब विरोधियों की बेचैनी बढ गई है। जो लोग अपने कार्यकाल में जनता के साथ छलावा कर टाईम पास करते रहे उन्हें अब विकास में भ्रष्टाचार नजर आ रहा है। उनकी असली बेचैनी तो अपना वजूद समाप्त होने का है। मंत्री ने कहा कि गढवा की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि कौन व्यक्ति विकास विरोधी और कौन जनता का कार्य करने वाला है। ऐसे लोग चाहे जो हथकंडा अपना लें परंतु आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

## राज्यपाल रघुवर दास ने कैंसर पीड़ित को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कैंसर बीमारी सिर्फ मरीज ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के हालात भी खराब कर देती है। सही समय पर और सही इलाज कराया जाए, तो इस जानलेवा बीमारी को मात दी जा सकती है।

ओड़िशा के एक युवा पत्रकार स्वाधीन चेता दाश महापात्र ने अपने माता-पिता के साथ राज्यपाल रघुवर दास से राजभवन में भेंट की। रघुवर दास ने कहा कि इस दौरान मुझे पता चला कि स्वाधीन ब्रेन कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ति हैं, जिसे सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैंने उनके इलाज के लिए 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। मैं महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी से प्रार्थना करता हूँ कि स्वाधीन कैंसर की इस लड़ाई को जीतकर जिन्दगी की नई शुरुआत करें। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी कि कृपा से हर जरूरतमंद की सेवा के लिए राजभवन के दरवाजे खुले हैं।

# लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन ने चलाया भोजन वितरण कार्यक्रम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढवा ग्रीन के द्वारा माँ गढदेवी के प्रांगण मे भोजन वितरण कार्यक्रम चलाया गया।प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने बताया कि सावन माह मे लायंस क्लब ऑफ गढवा ग्रीन के द्वारा शुक्रवार को गढदेवी मंदिर मे भोजन वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को लायन हर्ष अग्रवाल के देख रेख मे संपन्न किया गया। अध्यक्ष लायन उमा कांत पाण्डेय ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल जी अपनी निगरानी में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम को कराते हैं। लायंस का मोटो है हम सेवा करते है।इसी के तहत हम लायन सेवा के सावन मास के आरंम्भ मे इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जो आगे भी जारी रहेगा। पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लायंस ग्रीन समाजिक क्षेत्र में सेवा कार्यो में एक मिशाल कायम किया है। लायंस ग्रीन के सभी सदस्यो और डिस्ट्रिक्ट के जिला पाल, पूर्व जिला पाल और जिले के सम्मनित सदस्यो के मार्गदर्शन में इस तरह का आयोजन लायंस ग्रीन के द्वारा किया जाता हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाकांत पांडेय, प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल, लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 ए के रिलीविंग द हंगर के चेयरमैन हर्ष अग्रवाल, सचिव जय शंकर ब्रेजियर, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, अरविन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम ने पलामू-गढ़वा में खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने का मामला उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें यथा पलामू एवं गढवा आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते है। आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पुरे झारखंड राज्य में मात्र यही एक (अनुसूचित जाति) के लिए सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। इस मामले को मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहा हूॅ। परन्तु आज तक एक भी




उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगा है। दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो चुकी है। यहॉ के लोग बडे पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे है। सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मेरा पुरा पलामू संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थो से भरपूर है। यहॉ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइट है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिर्जापुर जाता है जहॉ अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है।सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूॅ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, कल-कारखाना स्थापित कराने की कृपा की जाय, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित एंथे 2024 लांच किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपनी प्रमुख छात्रवृत्तिपरीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेजलिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्तिअर्जित करने का मौका देती है। जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंगमें एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल)के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा,आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों




की आकांक्षाओंऔर क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बार एंथे अपने 15वें सफलवर्ष का जश्न मना रहा है, और इसके पास श्रेष्ठ उपलब्धियों का एक शानदाररिकॉर्ड है। इन वर्षों में, एंथे के कई छात्रों ने नीट यूजी और जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिष्ठात्मक परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। एंथे के माध्यम सेआकाश में दाखिल होने वाले कुछ प्रमुख उपलब्धियां शामिलहैंः ऋषि शेखर शुक्ला (जेईई एडवांस्ड 2024 AIR 25), कृष्णा साई शिशिर (जेईई एडवांस्ड2024 AIR 67), अभिषेक जैन (जेईई एडवांस्ड 2024 AIR 78) और अन्य। नीट 2023 में हमारेशीर्ष स्कोरर्स शामिल हैंः कौस्तव बौरी (AIR 03), ध्रुव आडवाणी (AIR 05), सूर्य सिद्धार्थ एन (AIR 06), आदित्य नीरज (AIR27) और आकाश गुप्ता(AIR 28). एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 केबीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में, भारत के 26 राज्योंऔर केंद्र शासित प्रदेशों में होगा, 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियोंके अलावा, शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान कियाजाएगा। एंथे 2024 के परिणाम 8 नवंबर 2024 को कक्षा 10 के छात्रों केलिए, 13 नवंबर 2024 को कक्षा 7 से 9 के लिए, और 16 नवंबर 2024 को कक्षा 11 और 12 के छात्रों केलिए घोषित किए जाएंगे। इन परिणामों को हमारी एंथे की वेबसाइट anthe.aakash.ac.in पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### कैमरून से लौटे प्रवासी मजदूरों को सरकारी योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित

**रांची :** कैमरून, दक्षिण अफ्रिका से लौटे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं। योजनाओं से आच्छादित कार्यो को सफल रूप से पूर्ण करवाने के लिए राजेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त, रांची (मोबाईल नं. 9431344109) को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है। प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे। श्रमायुक्त इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# जलाशयों के सिल्ट उठान के लिए बनाएं रॉयल्टी फ्री नीति : सीएस

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जलाशयों के डिसिल्टिंग को रॉयल्टी फ्री करने के लिए नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसानों को सिंचाई के लिए पानी के अभाव और बाढ़ जैसे चुनौतियों के समाधान, जलाशयों में पर्यटन गतिविधियों और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए डिसिल्टिंग जरूरी है।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक में उधमसिंह नगर के गदरपुर में बाबा डल मन्दिर से बौर जलाशय से गूलरभोज-कूल्हा तिलपुरी वन बैरियर तक सिंचाई विभाग के माध्यम से कंक्रीट सड़क निर्माण कार्यो का वित्तीय अनुमोदन दिया।इस दौरान मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड के बौर,हरिपुरा,तुमारिया,नानकसागर



जैसे जलाशयों में अत्यधिक सिल्ट जमाव की समस्या के समाधान के लिए इन जलाशयों में पर्यटन गतिविधियों और मत्स्य पालन को बढावा देने की दिशा में जलाशयों के सिल्ट या मिट्टी उठान को रॉयल्टी फ्री करने के लिए नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। बौर और हरिपुरा जलाशय जनपद ऊधमसिंहनगर के विकास खण्ड गदरपुर/बाजपुर में स्थित है।मुख्य सचिव ने कहा कि जलाशयों को पचास साल से भी अधिक का समय हो गया है। ऐसे स्तिथि में जलाशयों की क्षमता निरंतर घटती जा रही है। जलाशयों में अत्यधिक सिल्ट आने से भविष्य में किसानों को सिंचाई के लिए पानी के अभाव और बाढ़ जैसे चुनौतियों के समाधान,जलाशयों में पर्यटन गतिविधियों एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए डिसीलटिंग जरूरी है।मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति लेने के निर्देश दिए हैं।

# उप्र में अग्निवीरों को पुलिस और पीएसी भर्ती में मिलेगा आरक्षण : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस और पीएसी भर्ती में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित करेगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति एवं समृद्धि के नित नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफार्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। लगातार हर फील्ड में पिछले 10 वर्षो में बेहतरीन रिफार्म करके देश की अर्थव्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी कदम उठाए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। योगी ने कहा कि अग्निपथ योजना इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। युवाओं के मन में उत्साह है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के लिए उनकी राजनीति देश से बड़ी हो गयी है। वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका काम ही है कि रिफार्म वाले, समृद्धि वाले हर कार्य में टांग अड़ाना है। अनावश्यक व्यवधान पैदा करना, गुमराह करना, बयानबाजी करना उनकी नीयत बन गयी है। अग्निवीर को लेकर भी विपक्ष ने लगातार गुमराह करने का प्रयास किया है। आज अग्निवीर में जहां ट्रेंड युवा भर्ती हो रहे हैं, वहीं अग्निवीर की सेवा पूरा करने के बाद उन्हें सेना में भी अच्छा अवसर प्राप्त होने वाला है।

पैरा मिलिट्री, सिविल पुलिस और विभिन्न सेक्टर में भी उनके समायोजन की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा पूरा करके वापस आएंगे तो हम उप्र पुलिस सेवा, पीएसी में इन जवानों को प्राथमिकता देंगे। उनके लिए हम निश्चित आरक्षण की व्यवस्था करेंगे।

### शहर में छोटे मालवाहक वाहनों की आवाजाही का समय पूर्वव्रत रखा जाए : सुरेश अग्रवाल

**रांची।** सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष कोकर इंडस्ट्रियल एरिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कोकर रांची ने कहा कि जिस तरह प्रशासन द्वारा ट्रैफिक के समय में बदलाव लाते हुए शहर में माल वाहनों के आवागमन पर नए नियम लागू कर जो व्यवसाययों एवं उद्यमी बंधुओ के ऊपर थोपा जा रहा है, इस तुगलकी फरमान से सभी छोटे-बड़े उद्यमी एवं व्यवसायियों को काफी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।माल वाहन के आवागमन के लिए जो समय जिला प्रशासन द्वारा तय किया गया है यह किसी भी तरह से प्रसंगिग एवं व्यावहारिक नहीं प्रतित होता है।इस तुगलकी फरमान का कोकर इंडस्ट्रियल एरिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कड़े शब्दों में निंदा करता है ,विरोध करता है । साथ ही कोकर इंडस्ट्रियल एरिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का अध्यक्ष होने के नाते सभी उद्यमी बंधुओ एवं व्यवसायों के तरफ से जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि माल वाहनों का आवागमन का समय को पूर्वव्रत रखा जाए।

# पिछले एक दशक में देश के कुल 13 स्थलों को विश्व धरोहर सूची में किया गया शामिल: गजेन्द

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उपलब्धि में असम के ÷मोईदाम - अहोम राजवंश की टीला-दफन प्रणाली को आधिकारिक तौर पर यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है। यह घोषणा शुक्रवार को नई दिल्ली में चल रहे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के दौरान की गई। मोईदाम यहां शामिल होने वाली भारत की 43वीं संपत्ति बन गई है। इस मौके पर आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज भारत के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि असम के मोईदाम को 43वें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में अंकित किया गया है। पिछले एक दशक में भारत के कुल 13 स्थलों को विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया गया है। गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह




ऐतिहासिक मान्यता असम और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करते हुए, चराईदेव में अहोम राजाओं की अद्वितीय 700 साल पुरानी टीले वाली दफन प्रणाली की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मोईदाम को 2023 में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में नामांकित किया गया था। यह नामांकन मोईदाम के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करता है, जो पूर्वोत्तर राज्य की पहली सांस्कृतिक विरासत बन गयी है। उन्होंने कहा कि चराइदेव में मोईदाम, जिसे अक्सर भारत के पिरामिड के रूप में जाना जाता है, भव्य, मिट्टी के टीलों की एक श्रृंखला है जो अहोम राजघराने के लिए कब्रिस्तान के रूप में काम करते हैं। यह संरचनाएं 13वीं शताब्दी की हैं और ताई-अहोम लोगों की जटिल अंत्येष्टि प्रथाओं और ब्रह्माण्ड संबंधी मान्यताओं को प्रदर्शित करती हैं। मोईदाम की विशेषता उनके अर्धगोलाकार आकार, ईट की संरचनाएं और धनुषाकार प्रवेश द्वारों वाली अष्टकोणीय सीमा दीवारें हैं। तहखानों में राजघरानों के अवशेषों के साथ-साथ कब्र के सामान भी हैं, जो समाज में उनके कद और श्रद्धा का प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में मोईदाम को शामिल किया जाना उनके उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य का प्रमाण है। स्मारकों और स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय परिषद (आईसीओ एमओएस) ने सांस्कृतिक परंपरा के लिए मोईदाम की असाधारण गवाही और मानव इतिहास में महत्वपूर्ण चरणों के उनके प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला। यह मान्यता इन ऐतिहासिक खजानों को संरक्षित करने में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और असम सरकार के प्रयासों को रेखांकित करती है।